हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 9 अक्टूबर 2026
राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव

न छत-न टॉयलेट, तीन साल से बरामदे में सरकारी स्कूल की कक्षाएं

एनिशपुरी गोस्वामी ⏭ मोहला

जिले में करोड़ों रुपए का डीएमएफ फंड बावजूद इसके स्कूल की अपनी इमारत न हो, नौनिहालों को पढ़ने के लिए गांव के एक गरीब किसान का बरामदा उधार लेना पड़े, तो आप उसे क्या कहेंगे? छत्तीसगढ़ तथा मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के अंतिम छोर पर महाराष्ट्र सीमा से सटे मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले से बदहाल शिक्षा व्यवस्था की एक ऐसी ही तस्वीर सामने आई है।

उल्लेखनीय है कि मानपुर विकासखंड के बागडोरी ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम तुकाम गांव जहां प्राथमिक सरकारी स्कूल पिछले तीन-चार सालों से एक आदिवासी ग्रामीण विधवा महिला के कच्चे घर के बरामदे में संचालित हो रहा है। हद तो यह है कि मध्यान्ह भोजन के लिए बच्चों को दो सौ मीटर दूर और शौचालय के लिए सौ मीटर आना-जाना पड़ता है। यहां व्यवस्था इतनी लाचार है कि कच्चे मकान के बरामदे में चलती कक्षाओं के बीच बच्चों के बुनियादी अधिकारों की बलि दी जा रही है। स्कूल में न तो पीने के पानी का माकूल इंतजाम है और न ही शौचालय। हालत यह है कि शौच व मध्यान भोजन के लिए नन्हे बच्चों को कई मीटर दूर जाना पड़ता है। बारिश और कड़कड़ाती धूप में इन मासूमों को किन दिक्कतों का सामना करना पड़ता होगा, इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है।

करोडों रुपए के डीएमएफ फंड में मचा हुआ लूट, गरीब बच्चों को भवन नसीब नहीं

डीएनएफ फंड में मचा है अफसरों का लूट

तस्वीरों में दिख रहे ये वही मासूम हैं, जो कल देश के डॉक्टर, इंजीनियर या अफसर बनेंगे, लेकिन इनके सपनों को आज एक अदद छत तक नसीब नहीं है। छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की सरहद पर बसा तुकाम गांव प्रशासनिक उपेक्षा की मिसाल बन चुका है। यहां के सरकारी प्राथमिक स्कूल की अपनी कोई इमारत ही नहीं है। बीते कई वर्षों से यह स्कूल गांव के ही एक आदिवासी ग्रामीण के घर के बरामदे में सिमटकर रह गया है। यहां के ग्रामीण जनप्रतिनिधि से लेकर अफसरों के दरवाजा खटखटा-खटखटा कर थक चुके हैं, परंतु उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। इधर जिले में करोड़ों रुपए के डीएनएफ फंड होने के बावजूद स्कूल भवन की मरम्मत या नवीन भवन की स्वीकृति के लिए जिला के प्रशासनिक अधिकारियों में रूचि नहीं है।



महिला ने नहीं लिया किराया

इस सरकारी बदहाली के बीच इंसानियत की एक मिसाल भी मुस्कुरा रही है, जिस आदिवासी ग्रामीण विधवा महिला मानीबाई जाड़े के बरामदे में यह स्कूल चल रहा है, उसने बीते तीन-चार सालों में प्रशासन से एक पैसा भी किराया नहीं लिया। अगर इस दयालु महिला ने अपना दरियादिली से भरा दिल न दिखाया होता, तो शायद तुकाम गांव के बच्चों की पढ़ाई सालों पहले ही ठप हो चुकी होती।

भेजा गया प्रस्ताव

विकासखंड मानपुर अंतर्गत विभिन्न स्कूलों के लिए नवीन भवन की मांग को लेकर उच्च कार्यालय को प्रस्ताव भेजा गया है।
- एके कौर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
09 अक्टूबर 2026
कूपन नं.
19

खबर संक्षेप

फार्म हाऊस में चोरी

राजनांदगांव। ग्रीन फार्म हाऊस में चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत 20 अगस्त की रात्रि 11 बजे से 21 अगस्त की सुबह साढे 7 बजे के मध्य ग्राम देवादा स्थित शेड्स ऑफ ग्रीन फार्म हाउस के मुख्य गेट का ताला तोड़कर अज्ञात आरोपियों द्वारा 10 नग एसी आउटडोर, 3 नग सबमर्सिबल पंप, 1 नग वाटर पंप, एचपी पंप, एचटीपी पंप, सीसीटीवी कैमरे एवं ब्लूटूथ साउंड बॉक्स का सामान चोरी कर लिया गया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सोमनी में धारा 305(ए), 331(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस मामले में सोमनी टीम द्वारा घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्रों से प्राप्त जानकारी, तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबीर सूचना के आधार पर पूर्व में आरोपी विजय सोनवानी 26 वर्ष तथा नागेश्वर प्रसाद 29 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया था। इसी प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी काली कुमार झा 28 वर्ष तथा विक्की नेताम 27 वर्ष से चोरी गए एसी बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

कई चौक के बदले जाएंगे नाम, सर्वसम्मति से सभी प्रस्ताव पास

8 विषयों पर हुई सामान्य सभा दो घंटे में निपटी..मचा हंगामा, विपक्ष का बहिर्गमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गुरुवार को नगर निगम में आठ विषयों को लेकर आयोजित की गई सामान्य सभा हंगामेदार रही। सुबह लगभग साढे 11 बजे शुरू हुई बैठक दोपहर लगभग 1 बजे समाप्त हो गई। बैठक की शुरूआत में ही जनहित के मुद्दों के मामले में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच जमकर बहस हुई। वहीं अमृत मिशन योजना के मामले में एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप किया गया। इस दौरान विपक्ष ने सदन से बहिर्गमन कर दिया।

चौक-चौराहों का नामकरण, व्यावसायिक परिसर निर्माण, नगर विकास, सौंदर्यीकरण सहित अन्य विषयों को लेकर आयोजित की गई सामान्य सभा की बैठक में जमकर हंगामा हुआ। बैठक के शुरूआत में ही चर्चा के लिए दो अन्य विषय भी जोड़े गए। विपक्ष ने शहर की मूलभूत सुविधाओं और पेयजल का मामला उठाया। सदन में पेयजल की योजना अमृत मिशन के कार्य को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष ने एक-दूसरे पर आरोप मढ़ा। विपक्ष के कांग्रेस पार्षदों ने अमृत मिशन योजना में भ्रष्टाचार को लेकर महापौर पर आरोप लगाया। वहीं महापौर मधुसूदन यादव ने विपक्ष के आरोपों का जवाब देते अमृत मिशन योजना के मामले में पूर्व की सत्ता पक्ष कांग्रेस को घेरा। उन्होंने सदन में कांग्रेस पर उनकी सत्ता के दौरान इस योजना की जांच नहीं करने और आधी-अधूरी अमृत मिशन योजना को हैंडओवर लेने पर भी सवाल उठाया, जिस पर महापौर द्वारा अमर्यादित शब्द कहने का आरोप लगाते विपक्ष के कांग्रेस पार्षद दल ने सदन से बहिर्गमन कर लिया।

महापौर ने विपक्ष पर उठाए सवाल, कहा: उनके पास कोई सोच नहीं





विरोध का तरीका गलत : महापौर

महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि विपक्ष के पास कोई सोच नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को कुछ बात ठीक नहीं लगी तो विरोध का तरीका होता है, निंदा प्रस्ताव करना था। महापौर ने कहा कि उन्होंने कोई अपमानजनक बात नहीं किया है। महापौर मधुसूदन यादव ने बताया कि कन्हारपुरी से मोहरा बाईपास तक नाला निर्माण होने से यहां लगभग 50 एकड़ के खेतों में जलभराव से धान की फसल को होने वाने नुकसान से किसानों को राहत मिलेगी, लेकिन जो चर्चा से चले गए मैं ऐसे लोगों की निंदा करता हूं, जिन्होंने शहर के आठ चौक के सौंदर्यीकरण और विकास कार्यों के प्रस्ताव का बहिष्कार किया है। उन्होंने कहा कि अमृत मिशन में उनके ऊपर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए, जिसे लेकर उन्होंने जांच कर लो कहा है।

अमर्यादित शब्द से पहुंची ठेस : नेता प्रतिपक्ष

नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने कहा कि सदन की कार्रवाई शुरू होते ही हमने मूलभूत विषय को जोड़ने कहा था, जिस पर चर्चा करने से सत्तापक्ष बच रही थी। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि शहर में पेयजल को लेकर समस्या व्याप्त रही, बिना फिटकरी डाल गंदे पानी की शहर में सप्लाई हुई। उन्होंने कहा कि अमृत मिशन का कार्य निगम में भाजपा की सत्ता के दौरान शुरू हुआ था और कांग्रेस कार्यकाल में हमने इसे मजबूरी में हैंडओवर किया। उन्होंने कहा कि अमृत मिशन योजना फेल है, ठेकेदार पर कार्रवाई कर रिकवरी की जानी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सदन में महापौर मां का दूध पिया है, कहकर अमर्यादित शब्द कहा है। जिससे हमें ठेस पहुंची है, इस पर महापौर को माफी मांगनी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हम जनता की लड़ाई लड़ते रहेंगे।

बहुमत से पारित हुए विषय

नगर निगम की सामान्य सभा में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के आवेदन की स्वीकृति एवं अनुमोदन, जाति प्रमाण, चौक-चौराहों का नामकरण, विज्ञापन बोर्ड लगाने निविदा, नया बस स्टैंड का नामकरण डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा स्थापना एवं सौंदर्गीकरण कार्य, अमृत मिशन अंतर्गत वार्ड क. 23 में हाऊसिंग बोर्ड कालोनी में निर्मित गार्डन का नामकरण स्व. राजेन्द्र व्यास पार्क करने, सीआईटी कॉलेज से कन्हारपुरी बाईपास रोड का नामकरण मंदराजी दाऊ के नाम, कंचनबाग सनसिटी पहुंच मार्ग से पहले चौक का नाम नवकार चौक के नाम पर करने, टाऊनहाल परिसर जीई रोड किनारे की 38 दुकानें और कस्तूरबा महिला मंडल रोड की 18 दुकानों को तोड़कर 55 दुकानों का पुर्ननिर्माण करने, लखोली कन्हारपुरी से मोहारा बाईपास तक नाला निर्माण कार्य, रेवाडीह चौक से गोकुल नगर तक नाला निर्माण कार्य किए जाने को लेकर सदन में चर्चा की गई। विपक्ष के बहिर्गमन पश्चात सामान्य सभा में रखे गए सभी विषय बहुमत के आधार पर पारित किए गए। सामान्य सभा दोपहर में ही समाप्त हो गई थी।

भाजपा के भीतर अंदरूनी कलह!

कार्यालय में दो नेताओं के बीच जमकर विवाद वरिष्ठों ने कराया शांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इन दिनों भाजपा में बहुत कुछ ठीक चलता हुआ नजर नहीं आ रहा है। कुछ दिन पहले जहां एक साथ बड़ी संख्या में डोंगरगढ़ मंडल में इस्तीफा की खबर सामने आई थी। वहीं अब पार्टी के जिला मुख्यालय कार्यालय के भीतर ही पार्टी के दो युवा नेताओं के बीच विवाद ने चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है। दोनों ही युवा नेताओं के बीच विवाद इतना बढ़ गया था कि मौके पर मौजूद सीनियर नेताओं को स्थिति संभालते हुए दोनों को शांत कराना पड़ा।



मिली जानकारी के अनुसार भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत ही किसी कार्यक्रम को लेकर बुधवार की शाम को पार्टी के कार्यालय में भाजपाई जमा हुए थे। इस दौरान ही शहर के एक ही इलाके से आने वाले दो युवा नेताओं के बीच आयोजनों में बुलावा नहीं देने को लेकर विवाद हो गया। बताया गया कि विवाद इतना बढ़ गया कि मौके पर ही गाली-गलौज तक देखने को मिला। जिसके बाद कार्यालय में मौजूद जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने दोनों युवा नेताओं को शांत कराकर स्थिति को सामान्य कराने का काम किया।

प्रदेश संगठन की भी नजर

ज्ञात हो कि राजनांदगांव जिला प्रदेश के हाईप्रोफाईल जिलों में शामिल रहा है। यहां का प्रतिनिधित्व पूर्व सीएम एवं वर्तमान विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करते आए है। यही कारण है कि यहां संगठन में होने वाली हर एक घटना पर प्रदेश संगठन की भी नजर रहती है। बताया गया कि बुधवार को हुए इस विवाद की जानकारी भी प्रदेश संगठन को मिल गई है।

इस्तीफा सौंपने की भी चर्चा

पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विवाद के बाद खिन्न युवा नेता ने अपने पद से इस्तीफा की भी पेशकश कर दी थी। बताया गया कि एक पूर्व सांसद को उक्त नेता ने इस्तीफा भेजा था। हालांकि दोनों ही युवा नेताओं को समझाईश देकर स्थिति को सामान्य करने का काम कर दिया गया है।

कोर ग्रुप की बैठक में बनी रणनीति

इधर दो दिन पहले ही जिला भाजपा संगठन ने पार्टी की गतिविधियों के साथ ही आगे की रणनीति को लेकर कोर ग्रुप की एक बैठक भी की है। मिली जानकारी के अनुसार इस बैठक में विस अध्यक्ष डॉ रमन सिंह और सांसद संतोष पांडे भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए थे। वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में हुई इस बैठक में जिला संगठन की मौजूदा स्थिति एवं आने वाले टास्क को लेकर चर्चा की गई। बताया गया कि भाजपा जिले के सभी मंडल को लेकर अपनी रिपोर्ट भी बना रहा है, जिसके अनुसार ही प्रदेश एवं जिला स्तर पर आगे नेताओं को संगठन में जिम्मेदारी दी जाएगी।

तापमान पहुंचा 34.5 डिग्री पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



राजनांदगांव जिले का अधिकतम तापमान 34.5 डिग्री पर जा पहुंचा है। गुरुवार को भी प्रदेश में यह सबसे गर्म जिला रहा। वहीं न्यूनतम तापमान में भी इजाफा देखने को मिला है। रात का पारा बढ़कर 24 डिग्री पर जा पहुंचा है। लगातार बढ़ते तापमान का सीधा असर लोगों की सेहत पर देखने को मिल रहा है। हालांकि इस बीच मौसम विभाग ने भी अंचल में हल्की बारिश की संभावना जताई है। बताया गया कि प्रदेश के मध्य इलाकों में पिछले दो दिनों में हो रही बारिश का असर जिले में दिख सकता है।





खबर संक्षेप

कैंसर जांच शिविर 10 को

डोंगरगांव। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर ने आगामी 10 अक्टूबर को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया है। शिविर में डॉ रुचिर धाकड़ और डॉ नवीन जैन मुख सहित अन्य कैंसर रोगियों की जांच कर परामर्श देंगे।

किसानों के विकास पर चर्चा



कलकसा। मानिकपुर में कृषि विभाग ने किसान संगोष्ठी का आयोजन किया। वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी डीआर रानाडे के मार्गदर्शन में कृषि विकास अधिकारी दिव्या डोंगरे ने आशा योजना अंतर्गत समर्थन मूल्य पर दलहन तिलहन विक्रय करने बारे में जानकारी दिया। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी प्रीति साहू, हरीशचन्द्र देवहारी ने रबी फसलों में रोग कीट पतंग, वर्मी कंपोस्ट की उपयोगिता, जैविक खेती आधारित फसल प्रदर्शन के बारे में जानकारी दी । डॉक्टर खूबचंद बघेल रत्न से सम्मानित एनेश्वर वर्मा ने वेस्ट डी कंपोजर घोल की उपयोगिता, आत्मा निर्भर महिला समूहों की चर्चा किया। कार्यक्रम में किसान संगवारी अश्वनी चंद्रवंशी, डोमेस्वार वर्मा, शरद देवांगन, उपसरपंच नेमूदास नारंग आदि शामिल हुए।

योग शिक्षक प्रशिक्षण



के लिए हरिद्वार रवाना

डोंगरगढ़। धर्म नगरी डोंगरगढ़ को योग नगरी बनाने हेतू योग को जन जन के बीच जन जागरूकता लाने,,स्वस्थ्य बनाने हेतु संकल्प लेकर डोंगरगढ़ से हेमंत साहू, मन्थीर दास साहू, भानूप्रताप चन्द्राकर, संवल सिंह सहारे, हंसराज साहू, श्याम सुंदर अग्रवाल, अमीत वर्मा, कचरू साहू, सम्पत वर्मा, अशोक शेन्डे, संजय बोपचे, कुलदीप राजनकर, विष्णु प्रसाद, डालेश ठाकुर, आदि रवाना हुए।

उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित हुई ललिता



जेवरतला रोड। प्राथमिक शाला मुजगहन में पदस्थ सहायक शिक्षक ललिता साहू को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्य, समर्पण एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से विधायक कुंवरसिंह निषाद ने सम्मानित किया। वह प्राथमिक शाला चेन्दरी बन नवागांव के प्रधानपाठक चंद्रभूषण साहू की धर्मपत्नी है। सम्मान प्राप्त होने पर संकुल प्राचार्य कमलेश साहू, संकुल समन्वयक ओंकार प्रसाद सोनसार्वा, राजकुमार सिंन्द्रामें संकुल प्रभारी खामतराई, मिथलेश साहू माध्यमिक प्रधान पाठक, चन्दूलाल सोनकर प्राथमिक प्रधान पाठक, शिक्षक हेमकुमार भुआर्य, देवेश साहू, प्रमोद साहू, नूतन यादव, नरेन्द्र सिन्हा, लोकेश यादव, सरपंच नीरा हिरवानी, शाला

निधन

श्याम लाल साहू

डोंगरगढ़। स्थानीय डोंगरगढ़ निवासी श्याम लाल साहू का आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर परिवार सहित अन्य सामाजिक संगठनों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।



गंडई नगर पंचायत अंतर्गत दो करोड़ 26 लाख रुपए के कार्यों का भूमिपूजन

विकास कार्यों का भूमिपूजन, गिनाई उपलब्धियां

सरकार बिना भेदभाव के कर रही काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई में नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन सांसद संतोष पांडेय के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के दौरान कुल 2 करोड़ 26 लाख 66 हजार रुपये की लागत वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया

जिसमें वार्ड क्र. 01 मुक्तिधाम विकास कार्य (लागत 49.41 लाख रुपये),वार्ड क्र. 11 में सार्वजनिक मांगलिक भवन मरम्मत कार्य (लागत 15.22 लाख रुपये),वार्ड क्र. 14 पानी टंकी निर्माण कार्य (लागत 42.55 लाख रुपये),पाईप लाईन विसारी करण (लागत 49.03 लाख रुपये),एम.आर.एफ. नवीनीकरण एवं मशीनरी की स्थापना व कम्पोस्ट संयंत्र निर्माण कार्य (लागत 55.49 लाख रुपये),वार्ड क्र. 05 में सांस्कृतिक भवन रेनोवेशन कार्य (लागत 9.96 लाख रुपये),वार्ड क्र. 15 मरार समाज भवन में अहाता निर्माण कार्य (लागत 5.00 लाख रुपये) का भूमिपूजन किया गया।

इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर, राकेश ताम्रकार, अनिल अग्रवाल, जीवन दास रात्रे, विक्की अग्रवाल, टूम्मन साहू, राजू जंघेल, राजेश मेहता, रजेलाल पटेल, लीला साहू, उमा चौबे, अंजलि देवांगन, आशा कुर्रे, संजय राजपूत, दूजेराम वर्मा, रामा साहू, राकेश टंडन, दिनेश भट्ट, टेकन देवांगन, लेखराम साहू, रवि बजाज, सहित पार्षदगण, एल्डरमैन और बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।



दल अलग पर भावना विकास की

कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने अपने संबोधन में कहा कि भले ही हम अलग-अलग दलों से चुनकर आए जनप्रतिनिधि हैं, परंतु हमारी भावना नगर विकास की है। उन्होंने सांसद के समक्ष गंडई को जिले के अभिन्न अंग के रूप में पहचान दिलाने की अपेक्षा रखते हुए गंडई से पंडरिया सड़क, गंडई से टिकरीपारा पहुंच मार्ग, मांगलिक भवन के लिए राशि की मांग रखी और स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत वर्तमान में संचालित 100 बिस्तर अस्पताल को 150 बिस्तर करने का आग्रह किया।

योजनाबद्ध ढंग से हो काम: विक्रांत

जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने डोंगरगढ़-कटघोरा रेल लाइन की स्वीकृति के लिए मंच से सांसद का अभिनंदन करवाया। उन्होंने कहा कि गंडई में विकास की असीम संभावनाएं हैं और यदि योजनाबद्ध तरीके से काम किया जाए, तो यह एक विकसित शहर के रूप में पहचान बना सकता है। वे गंडई को एजुकेशन हब के रूप में देखना चाहते हैं, जिसके लिए नवोदय विद्यालय की स्वीकृति हेतु नगर पंचायत से स्थल की स्वीकृति मिल चुकी है। इसके अलावा सब्जी मार्केट, बस स्टैंड और गार्डन को सुंदर, आकर्षक व व्यवस्थित बनाने की जिम्मेदारी नगर पंचायत गंडई की है।

तेज गति से विकास

सांसद संतोष पांडेय ने अपने संबोधन कहा कि नगर में 2600 आवास बन चुके हैं और भाजपा शासनकाल में पुल-पुलियों तथा सड़कों के लिए करोड़ों रुपये की स्वीकृति मिली है। सांसद ने आगे कहा कि सर्व मांगलिक भवन की मांग का प्रस्ताव बनाकर भेजा जाएगा, और कबीर कुटी के पास डोम शेड की मांग की स्वीकृति मिल चुकी है। मेरा कार्यक्षेत्र बहुत बड़ा है जिसमें 8 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सांसदों को आराम नहीं करने देते, लगातार कार्य की मॉनिटरिंग होती है। उन्होंने केंद्र सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार राष्ट्र को सर्वोपरि मानकर बिना किसी भेदभाव के गंडई सहित पूरे क्षेत्र की हर मांग को मिलकर पूरा करेगी।

नौजवानों को स्वावलंबी बनाने का रास्ता है लाईवलीहुड कॉलेज : सांसद

छुईखदान। लोक निर्माण विभाग द्वारा करीब 4 करोड़ 11 लाख रुपये की लागत से बनाए जा रहे लाईवलीहुड कॉलेज भवन का भूमिपूजन राजनांदगांव लोकसभा सांसद संतोष पांडे की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

इस कॉलेज के माध्यम से क्षेत्र के युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर मिल सकेंगे।

लाईवलीहुड कॉलेज के नए भवन के निर्माण से क्षेत्र के युवाओं को 7 अलग-अलग ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। वर्तमान में कॉलेज का संचालन सोसायटी भवन में किया जा रहा है। नए भवन के निर्माण के बाद प्रशिक्षण सुविधाओं का विस्तार होगा तथा युवाओं को बेहतर संसाधन एवं सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

भूमिपूजन कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल, लाईवलीहुड कॉलेज के प्राचार्य बघेल, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता एल.एन. राठौर, अनुविभागीय अधिकारी गजपाल, उपयंत्री देवांगन, सांसद प्रतिनिधि प्रेमनारायण चंद्राकर, खम्मन ताम्रकार, भागवत शरण सिंह, आनंद सिन्हा, अनुभा जैन, मनमोहन वर्मा, शैलेश जैन, विक्रांत चंद्राकर, राजू ऊके, दीपक राजपूत, ज्योति साहू, ऋतु साहू सहित नगर पंचायत के पार्षद एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।



सात प्रकार के ट्रेड

लाईवलीहुड कॉलेज के प्राचार्य बघेल ने बताया कि कॉलेज का मुख्य उद्देश्य युवाओं को स्किल डेवलपमेंट का प्रशिक्षण प्रदान करना है। कॉलेज में 7 प्रकार के ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इनमें जल वितरण एवं संवर्धन से संबंधित प्रशिक्षण की शुरुआत हो चुकी है।

युवाओं को मिलेगा रोजगार

जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि प्रदेश में विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना सरकार की मंशा है।पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने कहा कि छुईखदान क्षेत्र में लाईवलीहुड कॉलेज का निर्माण होना गौरव की बात है।

भविष्य निर्माण की नींव

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद संतोष पांडे ने कहा कि लाईवलीहुड कॉलेज की शुरुआत बस्तर से हुई थी और अब प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं को कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह कॉलेज आने वाली पीढ़ी के भविष्य निर्माण की नींव साबित होगा।

सेक्टर की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ डुंडेरा

स्थानीय लोधी भवन में डुंडेरा एवं मुसरा सेक्टर की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष पंचराम चंदेल के नेतृत्व में स्मार्ट मीटर, बढ़ते बिजली बिल, महंगाई, चुनाव आयुक्त के त्यागपत्र, एग्रीटेक से किसानो को होने वाली समस्या पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में श्यामसुंदर हठीले, नरसिंग वर्मा, मोहन साहू, नरेंद्र वर्मा, पवन साहू, भागीराम कंवर, चंपा राम कंवर, कामता प्रसाद साहू, नागेंद्र वर्मा, गोकुल वर्मा, बहल कंवर, नारायण वर्मा, नंदकिशोर चंद्रवंशी, तारण वर्मा, अज्जू साहू, रामदास वर्मा, बसंत, सुकलाल चंद्रवंशी, भागचंद साहू, अनुक वर्मा, बरसन नेताम, आशाराम कंवर, प्यारीलाल देवदास आदि उपस्थित थे।

दर्शनार्थियों की सुरक्षा व्यवस्था होगी तगड़ी



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

पूरे देश सहित विदेश में प्रसिद्ध मां बम्लेश्वरी की धर्मनगरी डोंगरगढ़ में माता के दरबार में लगने वाले क्वांर नवरात्रि मेले को लेकर प्रदेश सरकार ने जिला प्रशासन के माध्यम से एक अहम बैठक के बाद तैयारी शुरू कर दी है। मां बम्लेश्वरी के दरबार में आने वाले लाखों दर्शनार्थियों की सुरक्षा व्यवस्था के साथ साथ उन्हें हर प्रकार से सुविधा मुहैया कराने मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति सहित शासन प्रशासन ने कमर कसी है।

उल्लेखनीय है कि 11 अक्टूबर से शुरू होने वाले क्वांर नवरात्र को लेकर 9 दिनों तक चलने वाले विभिन्न अनुष्ठान के लिए बाहर से आये आचार्य एवं पंडितों के मार्गदर्शन में ट्रस्ट समिति ने तैयारी करी है।

इसके अलावा सफाई व्यवस्था बिजली पानी मुख्य सड़क मार्ग सुरक्षा स्वास्थ्य प्रमुख व्यवस्था को लेकर निर्धारित मापदंड के अनुरूप तैयारी भी अंतिम चरण में है। नौ दिन तक चलने वाले नवरात्र पर्व के दौरान ऊपर मंदिर पहाड़ी से लेकर नीचे माता के प्रांगण दरबार में लगने वाले विभिन्न स्टॉल दुकान एवं मीना बाजार पार्किंग को लेकर देखा जाए तो सुरक्षा की दृष्टि से शासन प्रशासन की कोई व्यापक तैयारी नहीं दिख रही है। आगजनी की घटना को ध्यान में रखकर शासन प्रशासन की किसी भी प्रकार की व्यापक तैयारी नजर नहीं आ रही है। सुरक्षा की दृष्टि से ट्रैफिक व्यवस्था के अलावा आम दर्शनार्थियों की सुरक्षा हेतु लगभग 12 सौ सुरक्षा बल तैनात किये जायेंगे। वही स्वास्थ्य के व्यवस्था को लेकर मंदिर परिसर के अलावा पद यात्री क्षेत्र में स्वास्थ्य कर्मी की अरिक्त ड्यूटी कैंप के माध्यम से रहेगी। साथ ही इमेजेंसी के लिए एंबुलेंस भी उपलब्ध होगी।

पदयात्रियों को मिलेगी सुविधाएं

शासकीय अस्पताल एवं उप स्वास्थ्य केंद्र को भी इमरजेंसी के माध्यम से अरिक्त जवाबदारी दी गई है। नगर पालिका के माध्यम से सफाई व्यवस्था एवं पानी की संपूर्ण व्यवस्था की जिम्मेदारी है। जिसमे लोग स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग भी संयुक्त रूप से सहयोग करेगा। जनपद पंचायत के माध्यम से पदयात्रियों की सेवा के लिए स्वास्थ्य विभाग के सहयोग के साथ मार्गों में पंडाल भी लगाये जायेंगे। विद्युत विभाग के माध्यम से शहर के मुख्य मार्ग की विद्युत व्यवस्था जिसमे प्रमुख रूप से पद यात्री मार्ग को भी बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इमरजेंसी की स्थिति में अतिरिक्त जनरेटर की व्यवस्था की गई है। जिससे विद्युत व्यवस्था 24 घंटा यथावत रहे।

ट्रस्ट ने किए इंतजाम

बम्लेश्वरी ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने हरिभूमि को बताया की बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रख कर ट्रस्ट समिति ने भी दर्शनार्थियों को हर सुविधा मुहैया कराने की व्यापक इंतजाम किया है। नवरात्रि दौरान ट्रस्ट समिति सुरक्षा गार्ड सफाई कर्मचारी सहित अन्य व्यवस्था के लिए अतिरिक्त कर्मचारी की व्यवस्था की है।

मैदानी अमले का हुआ सम्मान

चकनार में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭सड़क अतरिया

महिला एवं बाल विकास विभाग, परियोजना छुईखदान के अंतर्गत ग्राम पंचायत चकनार में मंगलवार को आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से संचालित सेवाओं को समुदाय से जोड़ना तथा पोषण, स्वास्थ्य, प्रारंभिक बाल विकास एवं जनभागीदारी के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

कार्यक्रम के दौरान मिडिल स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से शिक्षा, संस्कार, पोषण एवं सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्ण वातावरण निर्मित किया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर परियोजना अधिकारी छुईखदान सुनील बंजारे ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, मितानिनों, स्वास्थ्य कर्मियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं ग्रामीणजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार, प्रदेश मीडिया प्रभारी महिला मोर्चा सुश्री नीतू कोठारी, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा उमा चौबे, महिला एवं बाल विकास जनपद सभापति ज्योति जंघेल, मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर एवं सांसद प्रतिनिधि खम्मन ताम्रकार उपस्थित रहे। जिला कार्यक्रम अधिकारी पी.आर. खुटेल, परियोजना अधिकारी छुईखदान श्री सुनील बंजारे, सरपंच वंदना पटेल, पर्यवेक्षक पूजा, माधुरी एवं प्रेमलता तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनुपा जंघेल आदि उपस्थित थे।



सेवा का हुआ सम्मान

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, मितानिनों, स्वास्थ्य कर्मियों एवं पर्यवेक्षकों का सम्मान किया गया। सम्मानित कर्मियों की गांव-गांव तक महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में निभाई जा रही भूमिका की सराहना की गई। कार्यक्रम में ग्रामीणों से आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़ने तथा बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य एवं प्रारंभिक बाल विकास पर विशेष ध्यान देने की अपील की गई। साथ ही शासन की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने में जनसहभागिता को मजबूत करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में मेरी पोषण थाली का प्रदर्शन किया गया। इसके माध्यम से संतुलित एवं पौष्टिक आहार में शामिल किए जाने वाले विभिन्न खाद्य पदार्थों की जानकारी दी गई। उपस्थित महिलाओं एवं ग्रामीणों को बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं शिशुवती माताओं के लिए संतुलित आहार के महत्व तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पौष्टिक खाद्य पदार्थों के उपयोग के संबंध में जागरूक किया गया।

मंदिर पहुंच मार्ग के पेंचवर्क कार्य पर बवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नवरात्र पर्व के दौरान मां बम्लेश्वरी मंदिर के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु रेलवे स्टेशन से मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग का उपयोग करते हैं। ऐसे महत्वपूर्ण मार्ग की बदहाल स्थिति को लेकर वार्डवासियों में नाराजगी है। सड़क पर किए जा रहे पेचवर्क के काम को लेकर विवाद खड़ा हो गया और वार्डवासियों ने मौके पर पहुंचकर काम रुकवा दिया।

■ जगह-जगह उखड़ने लगी सड़क

वार्डवासियों का आरोप है कि सड़क का निर्माण हुए अभी तीन साल भी पूरे नहीं हुए हैं, इसके बावजूद जगह-जगह सड़क उखड़ने लगी है और गड्ढे बन गए हैं। पूर्व में शिकायतों के बाद गड्ढों में मिट्टी डालकर खानापूर्ति की गई, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ। केवल पेचवर्क नहीं, तकनीकी जांच की मांग वार्डवासियों ने मांग की है कि सड़क की वर्तमान स्थिति का तकनीकी परीक्षण कराया जाए। यदि सड़क निर्माण में गुणवत्ता संबंधी खामी सामने आती है तो केवल पेचवर्क कराने के बजाय सड़क का नए सिरे से निर्माण कराया जाए। उनका कहना है कि कमजोर सड़क पर बार-बार पेचवर्क कराने से समस्या स्थायी रूप से दूर नहीं होगी।

वार्डवासियों में नाराजगी

विभागीय अधिकारियों से शिकायत नवरात्र शुरू होने के महज दो दिन शेष रहने के बीच सड़क की स्थिति को लेकर वार्डवासियों ने नाराजगी जताई है। शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हरिश मंडारी, वार्ड पार्षद मुकेश सहारे और मोहम्मद सलीम ने वार्डवासियों की नाराजगी से विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया। उन्होंने मांग की कि सड़क की गुणवत्ता की जांच कर निर्धारित मापदंडों के अनुरूप ही पेचवर्क अथवा निर्माण कार्य कराया जाए। वार्डवासियों का कहना है कि यदि समय रहते सड़क की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया तो बारिश और भारी यातायात के बाद सड़क फिर उखड़ सकती है और गड्ढे दोबारा सामने आ जाएंगे।

धूल से राहगीर हलाकान

धूल से राहगीर भी परेशान सड़क की बदहाल स्थिति के साथ ही निर्माण कार्य के दौरान उड़ रही धूल से आसपास के रहवासी और राहगीर भी परेशान हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और वाहनों की आवाजाही के बीच धूल उड़ने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



खबर संक्षेप

प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ में भूतपूर्व सैनिकों के लिए निर्धारित 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण के प्रभावी एवं विधिसम्मत क्रियान्वयन की मांग को लेकर भूतपूर्व सैनिकों के एक प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल ने सामान्य प्रशासन विभाग के 11 सितंबर 2026 के पत्र की विधिक समीक्षा कराने तथा आवश्यकता होने पर उसमें संशोधन अथवा उसे निष्प्रभावी करने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल को सौंपे ज्ञापन में कहा कि उक्त जीएडी पत्र में पात्र भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में ईएसएम के लिए निर्धारित पदों को गैर ईएसएम अभ्यर्थियों से भरने तथा बैकलॉग समाप्त करने की व्यवस्था का उल्लेख किया गया है। भूतपूर्व सैनिकों ने आशंका जताई कि इस व्यवस्था के क्रियान्वयन में भूतपूर्व सैनिक नियम, 1985 के रूल 4(3), रूल 6 ए, 10 प्रतिशत क्षैतिज ईएसएम आरक्षण तथा यूआर/ एससी/ एसटी/ ओबीसी के वर्टिकल आरक्षण के बीच समन्वय को स्पष्ट रूप से सुनिश्चित करना आवश्यक है। प्रतिनिधि मंडल में पवन निषाद, गोवर्धन शर्मा, सुनील वर्मा, जेपी नायक, रवि साहू, डेमन साहू, राकेश सोनी, सोहनलाल साहू, रोमनाथ वर्मा, खेमराज शर्मा, पंकज कुमार, गणपत साहू, राजेश कुमार, अमरजीत सिंग, भूपेंद्र साहू एवं गजेन्द्र साहू उपस्थित रहे।



आंगन मिलन सेवा संकल्प कार्यक्रम आयोजित

राजनांदगांव। आंगनबाड़ी सुभाष वार्ड 26 में 6 अक्टूबर को आंगन मिलन सेवा संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास द्वारा चलाई जा रही योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, नोनी सुरक्षा योजना आदि के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही पोषण एवं स्वास्थ्य के विषय में हितग्राहियों को व्यवहार परिवर्तन, बच्चों की देखभाल के लिए जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एल्डरमैन मंजू यादव, पार्षद झामित सेन थी। एल्डरमैन मंजू यादव द्वारा हितग्राहियों को शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ जरूर लेने एवं आंगनबाड़ी केंद्र से नियमित जुड़े रहने की अपील की गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं एवं मितानिन द्वारा जो सेवाभाव से कार्य किया जा रहा है, उसकी सराहना की गई। बेहतर कार्य करने के लिए सम्मानित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता वंदना सोनपिपरे, रीना ठाकुर, मंजूषा रामटेके, ऊषा खोपरागड़े, सहायिका छाया, कुमुदिनी, अंजू तिवारी, हेमिन साहू को सार्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।



स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर दी गई जानकारी

राजनांदगांव। सेवा संकल्प अभियान के तहत वार्ड क्र. 45 में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन अटल आवास रामकृष्ण नगर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और शासकीय स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर जागरूकता प्रदान की गई। स्वास्थ्य विभाग एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा गर्भवती महिलाओं को कुपोषण से बचाव, नियमित टीकाकरण, शासकीय अस्पतालों में सुरक्षित प्रसव तथा प्रसव के बाद माता एवं शिशु की उचित देखभाल के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के लिए उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं एवं कुपोषण की रोकथाम के उपायों के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर पार्षद दुर्रेंद्र साहू द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के खिलौने उपहार स्वरूप भेंट किए गए। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिन दीदियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में पार्षद सेवकराम उइके, जीवन चतुर्वेदी, प्रमोद साहू, ढलेश वैष्णव, सुनीता सोनपीपरे, माया मेश्राम, संगीता यादव, अर्चना सारथी, प्रभा धनकर, गंगोत्री साहू, रूपाली कुंजम सहित आंगनबाड़ी एवं स्वास्थ्य विभाग के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




दिग्विजय महाविद्यालय में वाणिज्य परिषद का गठन



राजनांदगांव। शासकीय दिग्विजय स्वशासी पीजी महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग में 6 अक्टूबर को वाणिज्य परिषद का गठन प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन एवं वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एसके उके के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक सुमन कोचर द्वारा किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. एसके उके द्वारा विद्यार्थियों को वाणिज्य परिषद के महत्व से अवगत कराते इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया। साथ ही विद्यार्थियों को विभाग की गतिविधियों में सहयोग प्रदान करने प्रेरित किया गया तथा विभाग के कार्यों को एकजुट होकर संपादित करने को कहा गया। उन्होंने परिषद के गठन की प्रकिया से अवगत कराते कहा कि वाणिज्य परिषद का गठन गुणानुक्रम के आधार पर किया जाता है। वाणिज्य परिषद में मनोनीत अध्यक्ष तनु यादव, उपाध्यक्ष बरखा महोबिया, सचिव प्रशांत चौरिया, सहसचिव पायल एवं कोषाध्यक्ष देवेंद्र देवांगन को आमंत्रित कर डॉ. उके द्वारा शपथ ग्रहण करवाई गई। कार्यकारिणी सदस्यों में घनश्याम, पूजा तिवारी, साहिल जंघेल, बालकृष्ण कोमरे, गोपेन्द्र देवांगन, अभिज्ञान झा, गितेश देवांगन, उपासना साहू, नंदिनी वर्मा, गजेंद्र साहू एवं मिरल मुंदडा को आमंत्रित कर सुमन कोचर द्वारा शपथ ग्रहण कराया गया। उक्त वाणिज्य परिषद गठन में वाणिज्य विभाग के प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

राजनांदगांव। पं. किशोरीलाल शुक्ल विधि महाविद्यालय राजनांदगांव में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए तंबाकू नियंत्रण, तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों एवं मानसिक स्वास्थ्य विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को तंबाकू एवं तंबाकू उत्पादों के सेवन से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक दुष्प्रभावों, तंबाकू से बचाव एवं इसे छोड़ने के उपायों तथा तनाव प्रबंधन एवं मानसिक स्वास्थ्य संबंधी उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूक करना था। प्राचार्य डॉ. निमिषा मिश्रा ने बताया कि युवा वर्ग देश का भविष्य है और उन्हें नशे एवं तंबाकू की लत से दूर रखना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में विशेषज्ञ संसाधन व्यक्तियों के रूप में प्रिया सिंह, गीतू साहू, आस्था वर्मा, प्रवीण चौबे ने विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को तंबाकू से दूर रहने तथा अपने परिवार एवं समाज में भी तंबाकू नियंत्रण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया।



खेतों में नजर आ रहा बर्बादी का मंजर, किसानों को सताने लगी चिंता

तेज आंधी और बारिश से धान की फसल बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

क्षेत्र में बुधवार को आई तेज आंधी और बारिश ने धान की फसल को काफी क्षति पहुंचाया है। बरबादी का मंजर खेतों में नजर आ रहा है। तेज रफ्तार में चली हवा और बारिश से खड़ी फसल के खेतों में जमकर तबाही मचाई है। खेतों की स्थिति को देखकर किसानों के आंखों में आसू भर आया है।

ज्ञात हो कि क्षेत्र के कृषक अल्प एवं खंड वर्षा से परेशान रहे। धान सहित अन्य खरीफ फसलों की स्थिति बेहतर नहीं थी। सप्ताह भर पहले मानसून की बिदाई पर दो दिन तक हुए मुसलाधार बारिश से खेत, नदी, नाला पानी से सराबोर हो गया। फसलों की स्थिति भी बेहतर होने लगी। हरियाली लौट आई थी। हरुना धान की बालियां निकल चुकी है। ऐसी स्थिति में बुधवार को हुई बारिश और आंधी ने खड़ी फसल को गिरा दिया है। ऐसी स्थिति में धान का पकना मुश्किल बताया जा रहा है। किसानों ने बताया कि हवा पानी ने हरूना धान को ही नुकसान पहुंचा है। ऐसे में धान का पकना मुश्किल है तथा पैदावार भी काफी प्रभावित होगी। आंधी ने सड़क अतरिया, कुकुरमुडा, घिरघोली, मुरई, पुरैना, गुमानपुर, खैरबना सहित अन्य गांव में कई हेक्टेयर हरूना धान को नुकसान पहुंचाया है। खेतों में अधपके धान गिरे पड़े हैं।



बीमा कंपनी को दी सूचना

किसानों ने अपनी फसल का प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा करवाया हुआ है। कुछ किसानों ने फसल नुकसान की सूचना बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर पर इसकी जानकारी दिया है। किसानों ने मांग किया है कि फसल नुकसान का सर्वे कर उन्हें क्षतिपूर्ति प्रदान किया जाये, ताकि किसानों को राहत मिल सके।

हरूना को पहुंचा नुकसान

पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने बताया कि बुधवार को तेज आंधी से धान की बालियां निकल चुके हरूना धान की फसल को काफी नुकसान पहुंचाया है। इससे विभाग को अवगत कराया गया है। किसानों को आर्थिक सहायता एवं राहत पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

कर्ज चुकाने की चिंता

किसानों ने बताया कि अल्प और खंड वर्षा के बीच जैसे तैसे धान की फसल को तैयार किया जा रहा था। फसल की स्थिति भी बेहतर हो गई थी। ऐसे में अचानक आधे घंटे के लिए आई आंधी और बारिश ने पूरी फसल को नुकसान पहुंचाया है। सड़क अतरिया के बैजूराम जंघेल ने बताया कि हरूना धान की बालियां निकल चुकी फसल पूरी तरह खेतों में सो गई है। पहले से कृषक कर्ज लेकर फसल की बोआई किया हुआ है। एक बड़े रकबा का फसल खराब होने से अब प्रभावित किसानों को कर्ज चुकाने की चिंता होने लगी है।

संगठन को मजबूत बनाने पर जोर



डोंगरगढ़। आज डोंगरगढ़ स्थित नवीन विश्राम गृह में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगढ़ शहर की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल शामिल हुईं। इस दौरान संगठन को मजबूत बनाने, आगामी कार्यक्रमों एवं पार्टी की गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने, कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा आमजन से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने पर विचार-विमर्श किया गया। विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाने तथा जनता के बीच निरंतर संपर्क बनाए रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर डोंगरगढ़ प्रभारी राज कुमार सिन्हा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगढ़ शहर के अध्यक्ष हरीश भंडारी, संयुक्त महामंत्री प्रदीप शर्मा, जिला महामंत्री विजय राज सिंह चौहान, शिशुपाल भारती, श्रीमती नलिनी मेश्राम, श्रीमती किरण मेश्राम, श्रीमती निधि गजभिए, रामजी तराने, दिनेश साखरे, पार्षद के. विनायक राव, पार्षद जय किशोर अंबाडे, पार्षद राहुल यादव, विष्णु लोधी, मतीन खान, संजीव गुप्ता, सहित मंडल अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष,युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, वरिष्ठ कांग्रेसजन एवं समस्त कांग्रेस पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

परिवार के लिए अन्नपूर्णा मुहिम बनी वरदान

जनसेवा की बन रही मिसाल

गरीबी और विपरीत परिस्थितियों से जूझ रहे परिवारों के लिए संत रामपाल की अन्नपूर्णा मुहिम लगातार लोगो का सहयोग कर रही है। बेटे और बहू का जब से अकाल मृत्यु के बाद छोटे छोटे बच्चे कठिन हालात मे जीवनयापन करने मजबूर थे ऐसी स्थिति मे उनके जीवन मे संत रामपाल की प्रेरणा से सेवा कर रही अन्नपूर्णा मुहिम ने परिवार तक आवश्यक सामग्री पहुंचाई और दैनिक जीवन में उपयोग आनी वाले सामानो को दिया। बुजुर्ग पार्वती ने कहा कि जब संत समाज के कल्याणार्थ आगे आते हैं, तब सबसे कमजोर और असहाय व्यक्ति भी नया जीवन जीने की आशा पा लेता है। इससे पहले संत के अनुयायियो ने दपका मे आगजनी के चलते दरबदर हो रहे स्व महेश निषाद के परिवार के लिए सहयोग का हाथ बढ़ाते हुए तमाम दैनिक जीवन मे उपयोग होने वाले राशन के अलावा ओढने बिछाने तक का सामान घर तक पहुँचा कर दयिा था और इसी प्रकार अवेली मे भी रिखीराम पटेल को 5 महीनों से राशन सामग्री देते आ रहे है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

संत रामपाल की प्रेरणा से जारी अन्नपूर्णा मुहिम जरूरतमंद परिवारों के लिए संजीवनी बन रही है। ब्लाक के मदराकुही निवासी 80 साल की बुजुर्ग विधवा महिला पार्वती पति स्वर्गीय चुटुराम साहू अपने बेटे और बहू के कुछ दिन पहले मौत से परेशान थी और शारीरिक कमजोरी के चलते गुजर बसर करने मे असमर्थ हो गई थी। छोटे छोटे नातियो की देखरेख को लेकर काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस दौरान संत रामपाल के अनुयायी भगत साहू, बरसाती, चंद्र कुमार दास गांधी दास, छन्नू, तीरथ दास को इसकी जानकारी हुई उसके बाद गुरू आदेश और उनकी अन्नपूर्णा मुहिम को सकार रूप देने पूरी राशन सामग्री लेकर मदराकुही मे पार्वती के घर पहुँचे। इस दौरान वहॉ मौजूद उप सरपंच मनोज सिन्हा, पूर्व सरपंच उत्तम सिन्हा, रमेश बैस ने कहा कि संत रामपाल ऐसे भी परिवारों की सहायता करते है। कई संगठन केवल लेते है लेकिन देने वाला पहली बार देखा है। उन्होंने कहा कि संत रामपाल जिस परिवार को अपनाते हैं, उसे जीवनभर नहीं छोड़ते।

आप के प्रदेश पदाधिकारियों का दौरा

संगठन विस्तार और चुनाव पर हुई विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने जिला संगठन पदाधिकारियो की बैठक लेकर संगठन विस्तार और उसकी मजबूती पर गहन चर्चा की।

नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनके नए दायित्वों के लिए बधाई देते हुए प्रदेश सह प्रभारी समर कुमार, लोकसभा अध्यक्ष भूपेश तिवारी,चुनाव प्रभारी प्रफुल्ल बैस, उज्जवल दीवान, राजीव यादव व डोंगरगांव विधानसभा ने स्थानीय कार्यकर्ताओं से मुलाकात बाद नगरीय निकाय चुनाव की रणनीति पर मंथन किया।

उज्जवल दीवान ने आगामी नगरीय निकाय चुनावों में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने का आह्वान किया। जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता की उपस्थिति में दिल्ली और छत्तीसगढ़ के अन्य हिस्सों से आए प्रदेश एवं राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को चुनाव जीतने के गुर बताया।



नए सदस्यों का स्वागत

पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर रानी राजलक्ष्मी तिवारी और महेश माली ने अपने समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सभी नए सदस्यों को टोपी और माला पहनाकर पार्टी में शामिल किया गया। उन्होंने पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ पार्टी के आदर्शों पर काम करने की शपथ ली। नवनियुक्त विधानसभा प्रभारी अजय सिंह, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सोनी, जिला महिला अध्यक्ष राजेश्वरी वर्मा,राजेश मारकंडे खैरागढ़ ब्लॉक अध्यक्ष, भरथरी वर्मा जालबांधा ब्लॉक अध्यक्ष , दानेश्वर वर्मा, जिला महासचिव श्याम मूर्ति नायडू, धनवंती मिश्रा, संतोष यादव, चित्रा गुरुदेव शिवेंद्र नामदेव, पवन ठाकुर, मनहरण वर्मा, अज्जू बजारे सहित बड़ी संख्या में आप कार्यकर्ता मौजूद थे।

हरे परिधान पहनकर बच्चों ने मनाया सेरेब्रल पाल्सी दिवस

■ संवेदना दिव्यांग शिक्षण प्रशिक्षण केन्द्र में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

संवेदना दिव्यांग शिक्षण प्रशिक्षण पुनर्वास केंद्र मे विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। समर्थन और एकजुटता प्रदर्शित करने के उद्देश्य से संवेदना केंद्र के विशेष बच्चे, समस्त पालकगण जागरूकता के वैश्विक प्रतीक हरे रंग के वस्त्र धारण कर सम्मिलित हुए।

सभी बच्चों, पालकों व विद्यार्थियों की कलाई पर संस्था अध्यक्ष ज्योति पटेल ने ग्रीन रिबन बांधकर जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया और सेरेब्रल पाल्सी के कारणों, लक्षणों, इसके चिकित्सकीय व वैज्ञानिक वर्गीकरण, आधुनिक उपचार पद्धतियों व जीवन प्रबंधन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने रेखांकित किया कि बचपन के प्रारंभिक दौर में पहचान), निरंतर फिजियोथेरेपी व शिक्षक-पालक के साझा प्रयासों से बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चों को समाज से दया या सहानुभूति की नहीं, बल्कि अपनेपन, समान अवसर और गरिमापूर्ण संवेदनशीलता की आवश्यकता है। आयोजन मे सेरेब्रल पाल्सी व समावेशी शिक्षा पर आधारित एक विशेष प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गइर जिसमें छात्र-छात्राओं एवं पालकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

साथ ही नीरू कोचिंग के विद्यार्थियों ने विशेष बच्चों के प्रति समावेशी दृष्टिकोण अपनाने का संकल्प लिया। रंजीत सिंह ठाकुर ने आभार व्यक्त किया गया। उक्त जानकारी संस्था सदस्य जय प्रकाश श्रीवास ने दी।



आज की शिक्षा व्यवस्था और अवसरों की बराबरी पर उठे सवाल

संगीत विवि में एक और द्रोणाचार्य का मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राजकुमारी इन्दिरा कला संगीत विवि ऑडिटोरियम में डॉ शंकर शेष लिखित नाटक एक और द्रोणाचार्य का मंचन हुआ। कुलपति प्रो डॉ. लवली शर्मा, डॉ राजन यादव, डॉ मानस साहू और डॉ. कौस्तुभ रंजन की मौजूदगी, डॉ शिशु कुमार सिंह के निर्देशन मे नाटक मंचन के दौरान कलाकारों के संवाद और अभिनय पर दर्शकों ने खूब तालियां बजाईं और अंत तक नाटक से जुड़े रहे।

नाटक की शुरुआत महाभारत काल की उस घटना से होती है, जब निषाद पुत्र एकलव्य धनुर्विद्या सीखने की चाह में गुरु द्रोणाचार्य के पास पहुंचा। उस समय द्रोणाचार्य कौरव और पांडव राजकुमारों के गुरु थे और अर्जुन को संसार का सबसे श्रेष्ठ धनुर्धर बनाने का वचन दे चुके थे। इसी वचन का हवाला देकर उन्होंने एकलव्य को शिष्य बनाने से इनकार कर दिया। पर एकलव्य ने हार नहीं मानी। उसने जंगल में द्रोणाचार्य की मिट्टी की प्रतिमा बनाई, उसी को अपना गुरु माना और रोज अभ्यास करता रहा। लगातार साधना से वह इतना निपुण हो गया कि अर्जुन से भी आगे निकल गया। जब द्रोणाचार्य को इसका पता चला, तो उन्होंने गुरु दक्षिणा के रूप में एकलव्य से उसके दाहिने हाथ का अंगूठा मांग लिया। एकलव्य ने अंगूठा दे दिया और इसी के साथ उसकी प्रतिभा को आगे बढऩे का अवसर नहीं मिल सका।



आज के कटघरे में पुराना सवाल

एक और द्रोणाचार्य नाटक ने इसी पौराणिक कथा को आज के समय से जोड़ते हुए मंच पर अदालत का दृश्य रचा, जहां वकील और जज के सामने यह मामला रखा जाता है। प्रिंसिपल और प्रेसिडेंट जैसे आधुनिक किरदार शिक्षा व्यवस्था की तस्वीर सामने रखते है जबकि अर्जुन, भीष्म, युधिष्ठिर और अश्वत्थामा जैसे पौराणिक पात्र कहानी को अतीत और वर्तमान के बीच जोड़ते हैं। प्रस्तुति में गुरु-शिष्य परंपरा, शिक्षा व्यवस्था, प्रतिभा, अवसर और व्यवस्था के बीच के टकराव को प्रभावी ढंग से उभारा गया। नाटक का केंद्रीय प्रश्न यही रहा कि अगर किसी के पास प्रतिभा हो और फिर भी उसे मौका न मिले तो इसके लिए जिम्मेदार कौन है। नाटक ने किसी एक दौर की कहानी बताने के बजाय पुराने प्रसंग के जरिए आज की व्यवस्था पर सवाल खड़ा किया।नाटक में द्रोणाचार्य की भूमिका काव्य त्रिमले, एकलव्य व वकील की दुहरी भूमिका में वंदिता पांडेय नजर आईं। आशुतोष द्विवेदी ने अरविंद, अंजली सिंह ने लीला, प्रांशु पांडेय ने यदु और अश्वत्थामा, हर्षित डेहरिया ने चंदू का किरदार निभाया। दीक्षा बघेल ने कृपि और हर्ष अग्रवाल ने प्रेसिडेंट की भूमिका निभाई। प्रकाश एवं मंच सज्जा हर्ष अग्रवाल और ओमेंद्र ने संभाला। संगीत आशुतोष द्विवेदी, छत्रपाल और हर्षित डेहरिया ने दिया। पाश्र्व मंच प्रबंधन दीक्षा बघेल ने किया जबकि वेशभूषा की जिम्मेदारी वंदिता पांडेय ने निभाई। आशुतोष द्विवेदी इस प्रस्तुति के सहायक निर्देशक रहे।

चाकू के साथ युवक को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सोमनी बाजार चौक में हथियार लहराकर लोगों को डराने-धमकाने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत 8 अक्टूबर को थाना सोमनी पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सोमनी बाजार चौक में एक व्यक्ति अपने पास धारदार हथियार रखकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहा है। सूचना पर सोमनी पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची।

पुलिस टीम द्वारा मौके पर आरोपी विकास भारती 26 वर्ष निवासी ग्राम सोमनी से एक धारदार फरसानुमा चाकू जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत विधिवत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार किया गया तथा न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

बाजार अतरिया में औचक जांच से मची खलबली

अवैध क्लिनिकों पर स्वास्थ्य विभाग का शिकंजा, हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा पूर्व में जारी प्रेस विज्ञप्ति के बाद अब बिना वैध दस्तावेजों के संचालित क्लिनिकों एवं पैथोलॉजी लैब के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है। इसी कड़ी में जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के आदेशानुसार नोडल अधिकारी नर्सिंग होम एक्ट के नेतृत्व में गठित जांच दल ने विकासखंड खैरागढ़ के बाजार अतरिया क्षेत्र में संचालित क्लिनिकों एवं पैथोलॉजी लैब का औचक निरीक्षण किया।

औचक निरीक्षण के दौरान संबंधित क्लिनिकों एवं पैथोलॉजी लैब के संचालन से संबंधित वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं पाए गए। इसके बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की ओर से संबंधित संचालकों को नोटिस जारी करते हुए तीन दिवस के भीतर क्लिनिक संचालन से जुड़े समस्त दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने के निर्देश दिए गए हैं।



जांच का अभियान रहेगा लगातार जारी

स्वास्थ्य विभाग ने साफ कर दिया है कि अवैध रूप से संचालित क्लिनिकों एवं पैथोलॉजी लैब की जांच का अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। औचक निरीक्षण के जरिए यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है कि क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं नियमानुसार और आवश्यक वैध दस्तावेजों के साथ ही संचालित हों।

पैथोलॉजी एवं क्लिनीक को नोटिस

जांच के दौरान जितेंद्र वर्मा की दिशा पैथोलॉजी, प्रेम प्रकाश साहू की रुद्राक्ष पैथोलॉजी तथा हिमलेश वर्मा के श्रेया क्लिनिक को नोटिस जारी किया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित अवधि में आवश्यक वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर नर्सिंग होम एक्ट के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

सार्वजनिक स्थान पर लड़ाई-झगड़ा, आरोपी पकड़ा गया

राजनांदगांव। सार्वजनिक स्थान पर लड़ाई-झगड़ा कर शांति एवं कानून-व्यवस्था भंग करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध चिचोला पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई। पुलिस के मुताबिक पुलिस चौकी चिचोला को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम फौजी ढाबा पाटेकोहरा के पास एक व्यक्ति द्वारा वाहन चालक से विवाद कर गाली-गलौज एवं लड़ाई-झगड़ा करते लोगों को एकत्रित किया जा रहा है। जिससे क्षेत्र की शांति एवं कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की स्थिति निर्मित हो रही है। सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची तथा संबंधित व्यक्ति दिपक लामटे 38 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 12 रामनगर सुपेला भिलाई को समझाइश दी गई। समझाइश के बावजूद उसके आक्रोशित होकर हिंसक होने एवं संज्ञेय अपराध घटित होने की आशंका को देखते पुलिस द्वारा उसे धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया गया। साथ ही गांव में लोक शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु आरोपी के विरुद्ध धारा 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते इस्तगासा तैयार कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट छुरिया के न्यायालय में पेश किया गया।

260 आंगनबाड़ी केंद्रों में सजी सेवा की चौपाल, आंगन उत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



राष्ट्रीय व प्रदेश भाजपा के आह्वान पर मंडल क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगन उत्सव के अंतर्गत आंगन मिलन चौपाल का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर मूर्त रूप देने वाली महिलाओं का आभार व्यक्त करते हुए महिला हितग्राहियों को सम्मानित किया गया।

आंगन उत्सव की संयोजक और जिला भाजपा महिला मोर्चा की कोषाध्यक्ष हिना जैन ने बताया कि मंडल क्षेत्र में यह विशेष अभियान सफलतापूर्वक संचालित किया गया। इस दौरान मंडल क्षेत्र के 94 और परियोजना क्षेत्र के 260 आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगन मिलन सेवा चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय महिलाओं और कार्यकर्ताओं की भागीदारी रही। उन्होंने बताया कि भाजपा नेतृत्व की मंशा के अनुरूप, इस आयोजन में विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठा रहीं महिला हितग्राहियों का अभिनंदन किया गया, साथ ही उन महिलाओं को सम्मानित किया गया जो सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने में दिन-रात जुटी हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और स्वास्थ्य व पोषण क्षेत्र में योगदान दे रही महिलाओं की सेवाओं को सराहा गया।

सशक्तिकरण और संवाद

चौपाल के दौरान महिलाओं को सरकार की विभिन्न योजना जैसे पोषण अभियान, मातृ वंदना योजना एवं महिला कल्याण की अन्य योजनाएं के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, मंडल भाजपा अध्यक्ष दीना पटेल, राजगामी संपदा न्यास अध्यक्ष पूर्णिमा साहू, पालिका अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, जिला भाजपा महामंत्री डीकेश साहू, गुलशन हिरवानी, रामकुमार गुप्ता, मनोज हेमनानी, जिला पंचायत सभापति जागृति यदु, जनपद अध्यक्ष रंजीता, मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष एलन साहू, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, सतीश पांडे, हेमंत चोपड़ा सहित अन्य की मौजूदगी में जमीनी स्तर पर काम कर रहीं कर्मठ महिलाओं और योजना से लाभान्वित महिलाओं को सम्मानित कर उनके योगदान को रेखांकित किया गया।

ट्रक से मवेशियों को भरकर महाराष्ट्र ले जाते पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

अवैध रूप से मवेशियों को ट्रक में भरकर महाराष्ट्र की ओर ले जाने के मामले में पुलिस ने ट्रक को पकड़ा। जिसमें 21 नग बैल एवं 6 नग बछड़े सहित ट्रक को जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह के दिशा-निर्देशन में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अम्बागढ़ चौकी नेहा पवार के मार्गदर्शन में जिले में अवैध पशु परिवहन एवं पशु तस्करी के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस चौकी पाटनखास प्रभारी उप निरीक्षक सुरेंद्र नेताम के नेतृत्व में पाटनखास पुलिस द्वारा मुखबीर की सूचना पर कार्रवाई करते महाराष्ट्र की ओर अवैध रूप से मवेशियों का परिवहन कर रहे वाहन को पकड़कर 21 नग बैल एवं 6 नग बछड़े कुल 27 नग मवेशियों को बरामद किया गया। प्रकरण में मुख्य आरोपी यशवंत मरसकोले को गिरफ्तार किया गया है।

मार्ग पर पसरे अंधेरे के खिलाफ कांग्रेस का हल्लाबोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

शहर के मुख्य मार्ग में लाखों रुपये खर्च कर लाइटें लगाए जाने के बावजूद महीनों से छाए अंधेरे को लेकर कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। लगातार शिकायतों के बाद भी व्यवस्था में सुधार न होने से नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं और जन प्रतिनिधियों ने नगर पालिका प्रशासन तथा लोक निर्माण विभाग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए शहर में विशाल कैंडल मार्च निकालकर अपना विरोध दर्ज कराया।

प्रदर्शन में रहे मौजूद

इस प्रदर्शन में अध्यक्ष टिकेश साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष संध्या साहू, पूर्व उपाध्यक्ष बीरेन्द्र बोरकर, श्रुति शुक्ला, रौशन यदु, प्रियंक जैन, लिलेश पटेल, सतीश वैष्णव, दीपक देवांगन, मयंक यदु, गौरव जैन, राकेश साहू, अखिलनेश नखत, पुष्पेन्द्र नेताम, संदीप गहरे, प्रितम पाड़े, प्रदीप रत्नाकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक शामिल हुए।



लाखों की लाइटें फेल, 20 लाख शिफ्ट

सड़क चौड़ीकरण योजना के तहत मुख्य मार्ग पर नए खंभे और आधुनिक लाइटें स्थापित की गई थीं। इसके अलावा पालिका के पुराने खंभे और लाइटें भी पहले से मौजूद हैं। वहीं पार्षद निधि का उपयोग कर नई लाइटों की खरीदी भी की गई, लेकिन इसके बाद भी मुख्य मार्ग पर महीनों से अंधेरा पसरा हुआ है। प्रशासनिक लापरवाही का आलम यह है कि प्रभारी मंत्री द्वारा शहर की प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए स्वीकृत किए गए 20 लाख रुपये के बजट का लंबे समय तक इस्तेमाल ही नहीं किया गया। अंततः प्रशासनिक उदासीनता के कारण इस राशि को लाल बहादुर नगर स्थानांतरित कर दिया गया, जिससे शहरवासी मूलभूत सुविधा से वंचित रह गए।

नारेबाजी के साथ शहर भ्रमण

लंबे समय से विद्युत व्यवस्था के पूरी तरह चरमरा जाने और जिम्मेदार विभागों द्वारा कोई सुधार न किए जाने पर कांग्रेस ने मोर्चा संभाला। कैंडल मार्च की शुरुआत के साथ ही कार्यकर्ताओं ने मुख्य मार्ग सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया। हाथों में मोमबत्तियां लिए नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका व लोक निर्माण विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और जल्द से जल्द प्रकाश व्यवस्था को सुचारू करने की मांग की।

वैक्सीन एवं हीमोग्लोबिन जांच के लिए अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

सेवा संकल्प अभियान के तहत स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीएमओ डॉ रागिनी चंद्रे के मार्गदर्शन में किशोरी बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता, एचपीवी वैक्सीन एवं हीमोग्लोबिन जांच के लिए अभियान चलाया जा रहा है। मितानिनों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 10 से 19 वर्ष की किशोरियों एवं माता को माहवारी के दौरान स्वच्छता को बढ़ावा देने, मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियां और चुप्पी को दूर करने चर्चा किया जा रहा है।

यह आयोजन मितानिन कार्यक्रम के सहायक अनिल श्रीवास्तव, बीईटीओ अमृता सलामे, बीपीएम राकेश कुर्रे, ब्लॉक समन्वयक नीलिमा सिंहा, जुगन साहू के आपसी समन्वय संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, जिला भाजपा महामंत्री डिकेश साहू, जिला पंचायत सदस्य जागृति यदु, अजू त्रिपाठी, बीएमओ रागिनी चंद्रे आदि शामिल हुए। सभी ने आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए किशोरी बालिकाओं को देश की धरोहर बताया। किशोरी बालिकाओं के लिए एचपीवी वैक्सीन प्रदाय करने पर अपनी व्यक्त किया। आयोजन में डॉ किरण गायकवाड, डॉ भूमिजा तिवारी, लता साहू, केएल लोकपाल, कमलेश कुमार, ज्योति सेन, क्षमा साहू, नितेश सेन्डे, नवीन निर्मलकर, शिप्रा मुटकुरे, प्रमिला ऊईके, मोतिम साहू, तेज कुमारी साहू, नंदा सोनटेके, गोदावरी साहू, सीमा वैष्णव, मीना वर्मा, दुलारी वर्मा, मोहिनी साहू, रोहिणी साहू, एमबाई साहू, माहेश्वरी राजपूत, ऊषा साहू, ममता साहू, दिनेश्वरी साहू, पेमीन साहू आदि उपस्थित

व्यापक अभियान

कार्यक्रम को उद्बोधित करते हुए सहायक जिला नोडल अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि किशोरी बालिकाओं का स्वास्थ्य हमारे लिए प्रमुख चिंता का विषय है, इस दिशा में एचपीवी वैक्सीन के माध्यम से किशोरी बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से मुक्त करने के लिए एचपीवी वैक्सीन को अभियान के रूप में स्कूल,एवं स्वास्थ्य केंद्र में व्यापक रूप से एएनएम द्वारा लगाया जा रहा है, छूते हुए किशोरी बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन के लिए प्रेरित करने हेतु मितानिन को दिशा निर्देशित किया।

चाकू दिखाकर अवैध वसूली तोड़फोड़ का आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव। धारदार चाकू दिखाकर होटल संचालक से अवैध वसूली एवं तोड़फोड़ कर घटना दिनांक से फरार 1 आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। पूर्व में पांच आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया था। अन्य 2 फरार आरोपी का पता तलाश जारी है। चिचोला पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी नीरज कुमार पटेल निवासी लालबहादुर नगर द्वारा 18 सितंबर को सूचना दी गई कि वह अपने होटल में था। इसी दौरान होटल के सामने कार में सात व्यक्ति आए और उससे 800 रुपए देने की मांग करने लगे। प्रार्थी द्वारा पैसे देने से मना करने पर आरोपियों ने चाकू दिखाकर गाली-गलौज करते जान से मारने की धमकी दी।

पुलिस ने की कार्रवाई

घटना की सूचना पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते तोड़फोड़ एवं घटना में शामिल 4 आरोपियों केशव साहू 45 वर्ष, पूरन साहू 36 वर्ष, विनोद नंदेश्वर 27 वर्ष व आकाश यादव 26 वर्ष को पूर्व में 19 सितंबर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया था एवं अन्य तीन फरार आरोपियों कैलाश यादव, मोनु का पता तलाश किया जा रहा था। 7 अक्टूबर को आरोपी कैलाश यादव 23 साल आत्म समर्पण करने न्यायालय गया था, जिसे न्यायालय के आदेश पर चौकी चिचोला लाकर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

डोंगरगढ़ कृषि उपज मंडी में शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

सेवा संकल्प अभियान के तहत जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के माध्यम से विकास खंड जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे डोंगरगढ़ विभाग के सभी विभागों के शिविर लगा कर शासन की योजना के अंतर्गत लोगों के आवेदन एवं उनकी समस्या संबंधित आवेदन लिए गये।

स्थानीय कृषि उपज मंडी में आयोजित उक्त शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, जनपद अध्यक्ष अजय लता सिन्हा, नपाध्यक्ष रमन डोंगरे, हिरा राम वर्मा, उमा महेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष सौमित्र सोनी, संसद प्रतिनिधि तरूण हत्थेल,



जिला पंचायत सभा पति अनिता मंडावी, ग्रामीण अध्यक्ष अनिल सिन्हा, नवीन बंसल प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत नगर पालिका, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत मंडल, वन विभाग, श्रम विभाग, पशु चिकित्सालय, अनुविभागीय अधिकारी, तहसील विभाग, आंगन बाडी, शिक्षा विभाग, मत्सय विभाग सहित संपूर्ण विभाग के स्टाल लगाये गये। शिविर में सरपंच सचिव, रोजगार सहायक, मितानिन आंगन बाडी कार्यकर्ता, सहित सभी विभाग के कर्मचारीयों ने अपनी मुख्य रूप से उपस्थिति दर्ज करायी।

अधिकारी रहे नदारद

प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिन के अवसर पर लगाया गया जन कल्याण शिविर में जनप्रतिनिधि तो प्रमुख रूप से दर्ज करायी, किन्तु उक्त शिविर में विभिन्न विभाग के स्टाल में सिवाय जनपद पंचायत सीईओ भगवती साहू के एक भी प्रमुख अधिकारी उपस्थित नही था। कार्यक्रम के माध्यम से विकास खंड के अंतर्गत चल रही स्कूल के छात्र छात्रों की चित्रकला प्रदर्शनी एवं मेरे सपनों के भारत के भाषण प्रतियोगिता के प्रतिभावान छात्र छात्रों का सम्मान भी किया गया।

स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रम में टीबी मुक्त पंचायतों का सम्मान

विकास के नए अध्याय की शुरूआत : सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में गुरुवार को शिक्षा, आजीविका और स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए गए। सांसद संतोष पाण्डेय ने खैरागढ़ में शासकीय कन्या महाविद्यालय के नवीन भवन तथा जिले में स्थापित नवीन लाइवलीहुड संस्थान के भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इसके साथ ही स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा सांस्कृतिक भवन, खैरागढ़ में आयोजित कार्यक्रम में टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों का सम्मान, अंगदान एवं नेत्रदान के लिए प्रशस्ति-पत्र वितरण तथा प्रेसबायोपिक चश्मों का वितरण किया गया।

दोनों प्रमुख भवन निर्माण कार्यों की कुल लागत 877.09 लाख रुपये यानी करीब 8.77 करोड़ रुपये है।

शासकीय कन्या महाविद्यालय खैरागढ़ के नवीन भवन निर्माण की लागत 465.84 लाख रुपये है। सांसद संतोष पाण्डेय ने इस महत्वपूर्ण निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। नए भवन के निर्माण से महाविद्यालय की छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक एवं आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

टीबी मुक्त पंचायतों का सम्मान

सांस्कृतिक भवन में आयोजित स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रम में टीबी उन्मूलन की दिशा में उल्लेखनीय कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। साथ ही अंगदान एवं नेत्रदान के क्षेत्र में योगदान देने वालों को प्रशस्ति-पत्र दिए गए तथा जरूरतमंदों को प्रेसबायोपिक चश्मों का वितरण किया गया। सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए सरकार के प्रयासों के साथ जनभागीदारी भी आवश्यक है। टीबी उन्मूलन, अंगदान और नेत्रदान जैसे विषयों पर समाज में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है।



युवाओं के कौशल पर विशेष जोर

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि किसी क्षेत्र का विकास केवल भवनों और अधोसंरचनाओं के निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि इन सुविधाओं के माध्यम से नई पीढ़ी के लिए अवसरों का निर्माण करना ही वास्तविक विकास है। उन्होंने कहा कि शासकीय कन्या महाविद्यालय का नया भवन क्षेत्र की बेटियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बेटियां आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों एवं अधिकारियों की रही मौजूदगी

कार्यक्रम में विधायक यशोदा वर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व सभापति घम्मन साहू, जिला मुख्य आयुक्त एवं सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह, सांसद प्रतिनिधि प्रेम नारायण चंद्राकर,खम्हन ताम्रकार, नगर पालिका अध्यक्ष गिरिजा चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष राजेश्री त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य अरुणा बनाफर, भुवनेश्वरी देवांगन, ललित चोपड़ा, सांसद प्रतिनिधि राकेश गुप्ता, बिशेसर दास साहू, भाजपा महामंत्री नवनीत जैन, शशांक ताम्रकार, शैलेन्द्र मिश्रा, शैलेन्द्र त्रिपाठी, आयश सिंह बोनी,विक्रांत चंद्राकर,हेमू साहू,आलोक श्रीवास, विकेश गुप्ता, मोनिका रजक, पुष्पा सिंदूर, विनय देवांगन,उत्तम दशरिया, शिशिर मिश्रा, रूपेंद्र रजक, मंडल अध्यक्ष भावेश कोचर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासनिक एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से कुलपति डॉ. लवली शर्मा, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा, जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अनिल शुक्ला, मुख्य नगर पालिका अधिकारी पुनीत वर्मा तथा बीएमओ डॉ. विवेक बिसेन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

डीईओ ने ठाकुरटोला स्कूल का किया निरीक्षण, बच्चों को किया पुरस्कृत

जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रार्थना सभा में बच्चों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के जिला शिक्षा अधिकारी उपेंद्र कुमार देवांगन ने बुधवार को छुईखदान विकासखंड के हायर सेकेंडरी स्कूल ठाकुरटोला का अचानक निरीक्षण किया।

डीईओ के पहुंचने के समय विद्यार्थी प्रार्थना सभा में उपस्थित थे। उन्होंने प्रार्थना सभा में ही विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उनकी पढ़ाई, तिमाही परीक्षा और शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली।

इस दौरान तिमाही परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को जिला शिक्षा अधिकारी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को आगामी वार्षिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए नियमित अध्ययन करने तथा शिक्षकों द्वारा दिए जा रहे मार्गदर्शन का पालन करने की समझाइश दी।

डीईओ देवांगन ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने शिक्षकों के बताए मार्ग पर चलते हुए पूरी लगन और मेहनत के साथ पढ़ाई करनी चाहिए। माता-पिता का आशीर्वाद और शिक्षकों का मार्गदर्शन जीवन में आगे बढ़ने के लिए महत्वपूर्ण है।



विषयवार ली जानकारी

निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने प्राचार्य एवं शिक्षकीय स्टाफ से विषयवार जानकारी ली तथा शैक्षणिक गतिविधियों से संबंधित सवाल भी किए। इसके बाद उन्होंने विद्यालय की प्रयोगशाला का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विद्यालय परिसर में नवनिर्मित हॉस्टल भवन का भी निरीक्षण किया। भवन की गुणवत्ता के संबंध में उन्होंने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता से दूरभाष पर तत्काल संपर्क कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात डीईओ ने बहुउद्देशीय केंद्र तुमड़ादाह में संचालित शाला के संबंध में भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रशांत चिर्वतकर, एबीईओ गिरेन्द्र कुमार सुधाकर, बीआरसी दुष्यंत शर्मा एवं नोडल अधिकारी समग्र शिक्षा आत्माराम साहू सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

सार समाचार

जयंती महोत्सव में खेलों और रचनात्मकता का रंग

राजनांदगांव। भगवान अग्रसेन की जयंती 11 अक्टूबर को महोत्सव रूप में अग्रवाल समाज धूमधाम से मना रहा। अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत अग्रसेन भवन में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में समाज के सदस्य उत्साहपूर्वक सहभागिता करते अपनी प्रतिभा और हुनर का प्रदर्शन कर रहे हैं। 6 अक्टूबर को महिला मंडल एवं नवयुवक मंडल की ओर से आयोजित प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए गए। वहीं 8 अक्टूबर को सर्वाधिक पॉपुलर प्रतियोगिता म्यूजिकल अंताक्षरी महोत्सव का प्रमुख आकर्षण का केंद्र रही जिसमें समाज के प्रतिभागी सुरों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उक्त जानकारी अग्रवाल सभा के मीडिया प्रभारी हर्षित अग्रवाल ने दी।

मोखला में वार्षिक सम्मान समारोह आयोजित

राजनांदगांव। साकेत साहित्य परिषद सुरगी द्वारा ग्राम मोखला में 27वां वार्षिक सम्मान समारोह, परिचर्चा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम तीन सत्र में आयोजित हुआ। भाषाविद डॉ. विनोद वर्मा, बांस गीत कलाकार विक्रम यादव, लोक संगीतकार गोविंद साव एवं कवि आनंदराम सार्वा को साकेत सम्मान दिया गया। प्रथम सत्र में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की चुनौतियां और छत्तीसगढ़ी भाषा विषय पर परिचर्चा आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि प्रभात मिश्रा व अध्यक्षता डॉ. बलदाऊराम साहू ने की। विशिष्ट अतिथि संजीव तिवारी, आत्माराम कोशा उपस्थित रहे। स्वागत भाषण ओमप्रकाश साहू एवं कुबेर सिंह साहू ने आधार वक्तव्य प्रस्तुत किया इस दौरान वक्ताओं ने अपने विचार रखे। द्वितीय सत्र में साकेत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सचिन सिंह बघेल व अध्यक्षता जितेन्द्र मुदलियार ने की। विशिष्ट अतिथि पप्पू चंद्राकर, देव कुमारी साहू, रोहित चंद्राकर, मधु सुकृत साहू, मेघराज चंद्राकर, चुम्मन साहू, हेमशंकर साहू, तुकज साहू, गुरूचरण सिन्हा, डॉ. हेमंत साहू, गिरधर निषाद शामिल थे। तृतीय सत्र में भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पद्मलोचन शर्मा व अध्यक्षता डॉ. अशोक आकाश ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में चेतन भारती, गजेन्द्र हरिहारणो, अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा, हीरा दास साहू, गोपाल मानिकपुरी, डॉ. चंद्रशेखर शर्मा, जितेन्द्र पटेल, चंद्रिका प्रसाद देशमुख, पुष्पकर सिंह राज दर्वेश आनंद, हर्ष कुमार साहू, डॉ. पदमा साहू, इंद्रजीत दादर, डॉ. एसएल गंधर्व, शंकर शरण खोबरागड़े, रोहित तारम, दर्वेश आनंद, अनिल कसेर, मनीष साहू, रूपा साहू, अनिल कसेर, मनीष साहू, सेवक सिन्हा, देव जोशी, तुकेश पटेल, अलखराम यादव, नंदकुमार नादान, करिश्मा श्रीवास्तव, सोनिया नायडू, कोमल सिंह, दूजराम साहू, शैलेष गुप्ता, बेदराम पटेल, मोतीराम भलेन्द्र, रूपलाल सेंद्राम, शिवबालक दास साहू, संतोष शर्मा, मनीष शर्मा, राजेश दुबे, धर्मेंद्र कुमार श्रवण, पुसन साहू की उपस्थिति रही।



विद्यार्थियों ने सीखे स्किल डेवलपमेंट के मंत्र

राजनांदगांव। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन में रोजगार एवं कौशल विकास, प्रशिक्षण सेल एवं राजनीति विज्ञान विभाग और एनएसएस के छात्राओं के लिए नांदी फाउंडेशन द्वारा आयोजित 6 दिवसीय (23 से 30 सितंबर 2026) तक एम्प्लॉयबिलिटी स्किल्स ट्रेनिंग वर्कशॉप सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। कार्यशाला का मुख्य विषय आज का कौशल, बेहतर कल की पहचान रहा। समापन अवसर पर श्वेता देवांगन, पुष्पेंद्र कुमार साहू एवं डॉ. अमिता बख्शी की उपस्थिति रही। विभागाध्यक्ष डॉ. अमिता बख्शी ने विद्यार्थियों को संबोधित किया कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में केवल ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि ज्ञान के साथ-साथ स्किल का होना भी बहुत जरूरी है, जो व्यक्ति को प्रभावी तरीके से प्रस्तुत करने में सक्षम बनाता है। डॉ. राजकुमार बंजारे ने प्रशिक्षण की संक्षिप्त जानकारी प्रस्तुत की। संजय सप्तर्षि ने कहा कि आज के समय में स्किल डेवलपमेंट ही विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य की नींव है। प्रथम दिवस से छठम दिवस तक मुख्य अतिथि श्वेता देवांगन ने छह दिवसीय कार्यशाला में विद्यार्थियों को रोजगार के लिए आवश्यक प्रमुख कौशलों - संचार कौशल, आत्मविश्वास निर्माण, टीम वर्क एवं सहयोग, क्रिटिकल थिंकिंग एवं समस्या समाधान, साक्षात्कार कौशल, व्यावसायिक संचार, भावनात्मक बुद्धिमत्ता एवं नेतृत्व क्षमता का गहन प्रशिक्षण दिया गया। समापन अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते कहा कि यह प्रशिक्षण उनके व्यक्तित्व विकास और भविष्य की रोजगार योजनाओं के लिए अत्यंत उपयोगी रहा।

शिविर में युवाओं ने सीखे गरबा के गुर

राजनांदगांव। समाजसेवी संस्था कस्तूरबा महिला मंडल द्वारा कस्तूरबा भवन में 10 दिवसीय गरबा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कस्तूरबा महिला मंडल की संरक्षिका शारदा तिवारी, आशा गुप्ता, साधना तिवारी व शोभा चोपड़ा के नेतृत्व में आयोजित उक्त गरबा प्रशिक्षण शिविर में लगभग 40 युवक-युवतियों ने भाग लिया, जिन्हें राधारानी गरबा प्रशिक्षण के सागर बढेरा, गिरीश देवांगन, शेजल यादव, अभिषेक देशमुख, सोनम कश्यप आदि द्वारा पूरे 10 दिनों तक प्रशिक्षण दिया गया और गरबा नृत्य व रास डांडिया की बारीकियों के संबंध में समझाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अरविन्द मिश्रा व रचना मिश्रा के हाथों दीप प्रज्वलन कर किया गया। कस्तूरबा महिला मंडल की संरक्षिका शारदा तिवारी ने बताया कि नवरात्र पर्व पर संस्कारधानी नगरी में मातारानी की शान में नौ दिनों तक जगह-जगह रास गरबा, डांडिया नृत्य की धूम रहती है। इसे देखते कस्तूरबा महिला मंडल द्वारा नगर के युवक-युवतियों को इस नृत्य में पारंगत करने के उद्देश्य से 10 दिनों का गरबा नृत्य प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि शहर में नवरात्रि अवसर पर आयोजित होने वाले गरबा इवेंट में उक्त प्रशिक्षण प्राप्त कलाकार अपने गरबा नृत्य का जलवा बिखेरेंगे। उक्ताशय की जानकारी कस्तूरबा विद्यालय के प्राचार्य प्रवीण कुमार गुप्ता द्वारा दी गई।



क्लास रूम मैनेजमेंट पर कार्यशाला आयोजित



राजनांदगांव। गायत्री विद्यापीठ राजनांदगांव में शिक्षकों के लिए "क्लासरूम मैनेजमेंट" विषय पर विशेष शिक्षक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन रत्न सागर के तत्वावधान में किया गया। आयोजन के मुख्य वक्ता मो. फैजी का स्वागत सम्मान एकेडमिक डायरेक्टर अमित उत्तलवार, सीबीएसई प्राचार्य अंकित व्यास द्वारा किया गया। स्वागत उद्बोधन में अंकित व्यास ने कहा कि शिक्षक केवल विषय का ज्ञान देने वाला नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण का मार्गदर्शक भी होता है।गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष डॉ. बृजकिशोर सूरजन ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर परिवर्तन हो रहे हैं। ऐसे समय में शिक्षकों का निरंतर प्रशिक्षण और कौशल विकास अत्यंत आवश्यक है।

एसआईआर की आड़ में मताधिकार छीनने का आरोप

चुनाव आयुक्त के खिलाफ उग्र प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मतदाता सूची में कथित गड़बड़ी के विरोध में शहर कांग्रेस और जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा अलग- अलग आयोजन करते मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते वोट बचाओ-देश बचाओ मार्च निकालकर उग्र प्रदर्शन किया। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार के नेतृत्व में जयस्तंभ चौक स्थित कांग्रेस भवन से पुराना बस स्टैंड स्थित महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल तक पैदल मार्च किया गया। वहीं जिला कांग्रेस कमेटी ने अध्यक्ष विपिन यादव के नेतृत्व में सतनाम भवन से अम्बेडकर चौक तक मार्च किया।

शहर कांग्रेस द्वारा आयोजित रैली के दौरान शहर कांग्रेस द्वारा पुराना बस स्टैंड पहुंचकर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राष्ट्रगान किया। इस दौरान शहर जिला कांग्रेस कमेटी की महामंत्री कुसुम दुबे ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326 का सार्वजनिक वाचन किया।





पुतला जलाकर जताया विरोध

वोट चोरी के मुद्दे और मुख्य निर्वाचन आयोग को हटाने की मांग को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित किए गए प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसजनों ने हाथों में काली पट्टी बांधकर अपना विरोध जताया। प्रदर्शन के समापन पर कांग्रेसजनों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया।
जिला कांग्रेस का विरोध मार्च सतनाम भवन से प्रारंभ होकर अंबेडकर चौक पहुंचा। यहां संविधान की प्रतिमा के समक्ष जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326 का सार्वजनिक वाचन किया। इसके पश्चात कांग्रेसजन जिला कलेक्टोरेट गार्डन परिसर स्थित महात्मा गांधी एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष पहुंचे, जहां दोनों महापुरूषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया तथा राष्ट्रगान का गायन किया गया।जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि अनुच्छेद 326 लोकसभा और विधानसभा चुनावों में वयस्क मताधिकार का प्रावधान करता है। कांग्रेस ने हमेशा युवाओं की लोकतांत्रिक भागीदारी को महत्व दिया है और 61वें संविधान संशोधन के माध्यम से मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष की गई। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता और उसका मत सर्वोपरि है।

विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास : जितेन्द्र

प्रदर्शन को संबोधित करते शहर अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि मतदाता सूची में हेरफेर लोकतंत्र पर सीधा प्रहार है। भाजपा सरकार और निर्वाचन आयोग एसआईआर की आड़ में मतदाताओं के अधिकारों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता के वोट का अधिकार छीनने नहीं देगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी और इंडिया गठबंधन के नेताओं की गिरफ्तारी जैसी कार्रवाई लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास है। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर कहा कि निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं।

जिला स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

राजनांदगांव। फ्रैंक ब्रदर्स फुटबॉल क्लब राजनांदगांव द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन हुआ। प्रतियोगिता में डोंगरगांव, डोंगरगढ़, छुईखदान, खैरागढ़, कवर्धा, मनेरी, फ्रैंक ब्रदर्स एवं राजनांदगांव जूनियर बॉयज सहित कुल 8 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य राजनांदगांव डीएफए की सीनियर पुरुष टीम के लिए प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन करना था, जो एनटीपीसी कोरबा में आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट में राजनांदगांव का प्रतिनिधित्व करेंगे। पहले दिन क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में राजनांदगांव जूनियर बॉयज ने खैरागढ़ को पेनल्टी शूटआउट में, डोंगरगढ़ ने कवर्धा को 2-0, डोंगरगांव ने छुईखदान को 2-0 तथा फ्रैंक ब्रदर्स ने मनेरी को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह उपस्थित रहे। दूसरे दिन सेमीफाइनल में डोंगरगढ़ ने राजनांदगांव जूनियर बॉयज को पेनल्टी शूटआउट में तथा फ्रैंक ब्रदर्स ने डोंगरगांव को पेनल्टी शूटआउट में हराकर फाइनल में जगह बनाई। इस अवसर पर सांसद संतोष पांडेय ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। फाइनल मुकाबला फ्रैंक ब्रदर्स एवं डोंगरगढ़ के बीच खेला गया, जो निर्धारित समय तक 0-0 से बराबर रहा। रोमांचक पेनल्टी शूटआउट में फ्रैंक ब्रदर्स ने जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया।

दो सूत्रीय मांगों को लेकर नर्सिंग स्टाफ ने निकाली रैली

राजनांदगांव। शहर के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कार्यरत नर्सिंग स्टाफ ने नियमितीकरण सहित अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन करते हुए मोपेड रैली निकाली और कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांग पूरी न होने पर 18 नवम्बर से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी है ।

ग्रेड पे पर बने प्रस्ताव को लागू करने और संविदा एवं दैनिक वेतन भोगी स्टाफ नर्सों को वर्तमान कार्यरत चिकित्सालयों में नियमितीकरण की मांग को लेकर नर्सिंग आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया । नर्सिंग स्टाफ ने मेडिकल कालेज अस्पताल में काली पट्टी लगाकर कार्य किया और फिर शहर में रैली निकाली। इस दौरान रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए। कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर संपन्न हुई।

हड़ताल की चेतावनी

नर्सिंग ऑफिसर्स एसोसिएशन की अध्यक्ष शिल्पी रानी सेंदूर ने कहा कि दीपावली के पूर्व अगर ग्रेड पे वेतनमान पर बने प्रस्ताव को लागू नहीं किया गया तो आगामी 18 नवम्बर से प्रदेश के सभी 10 मेडिकल कालेज के समस्त नर्सिंग संवर्ग नियमित, संविदा और दैनिक वेतन भोगी नर्सेस अनिश्चितकालीन हड़ताल में चले जाएंगे।

झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर मांगी फिरौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युवक का अपहरण कर गांजा के झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर फिरौती की रकम मांगने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस तीन और आरोपियों की सरगर्मी से पतासाजी कर रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी द्वारा थाना बसंतपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि घटना दिनांक को शाम करीब साढे 6 बजे विक्की पवार द्वारा फोन कर 2 बीयर लेकर भदौरिया चौक आने कहा गया। प्रार्थी बीयर लेकर डॉमिनोज पिज्जा सेंटर के पास पहुंचा, जहां विक्की पवार अपने साथी नवीन साहू के साथ काले रंग की फॉर्च्यूनर कार में आया और प्रार्थी को अपने साथ कार में बैठा लिया।



एक पकड़ा गया, अन्य की तलाश

इस मामले में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक कौशलेश देवांगन के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर आरोपियों की पतासाजी प्रारंभ की गई। थाना स्तर पर गठित टीम द्वारा घटना के संबंध में प्राप्त तकनीकी एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर लगातार प्रयास करते घटना में शामिल आरोपी नवीन साहू को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपी नवीन साहू द्वारा विक्की पवार के कहने पर घटना में शामिल होना स्वीकार किया गया तथा आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद कर विधिवत जब्त किया गया।आरोपी नवीन साहू को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। प्रकरण में शामिल अन्य 3 आरोपी, जिनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश एवं पतासाजी की जा रही है।

थाना में मामला दर्ज

इसके बाद विक्की पवार कार को अमोरा तालाब से श्मशान घाट के पास सुनसान स्थान पर ले गया। वहां विक्की पवार ने प्रार्थी के साथ बीयर पी और कुछ देर बाद यह कहकर वहां से चला गया कि वह अभी वापस आता है। इसी दौरान कुछ समय पश्चात मोटर साइकिल से सिविल ड्रेस में दो युवक वहां पहुंचे, जिन्होंने स्वयं को साइबर पुलिस का कर्मचारी बताते कार की तलाशी ली तथा कार में 20 किलो गांजा मिलने की झूठी बात कही। आरोपियों ने प्रार्थी को गांजा के झूठे प्रकरण में फंसाने की धमकी देते 5 लाख रुपए देने की मांग की। डर के कारण प्रार्थी द्वारा अपने परिजनों को फोन कर 2 लाख 50 हजार रुपए लेकर आने कहा गया। इसी बीच दोनों युवक वहां से चले गए। कुछ समय बाद प्रार्थी के परिजन मौके पर पहुंचे और प्रार्थी को साथ लेकर थाना बसंतपुर पहुंचे, जहां घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 296, 115(2), 351(2), 137(1)(ए), 127(2), 319(2), 140(3), 308(6), 3(5) भारतीय न्याय संहिता एवं धारा 84, 86(1) किशोर न्याय अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

गांधी व शास्त्री को किया याद

राजनांदगांव। युगांतर पब्लिक स्कूल में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस दौरान प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें गांधीजी के प्रिय भजनों का गायन किया गया।

प्राचार्य मधुसूदन नायर ने गांधी जी व शास्त्री के सिद्धांतों का उल्लेख करते बताया कि हम इनके सिद्धान्त अपना लेते हैं तो हमारे जीवन में सुन्दर तथा सकारात्मक परिवर्तन होना शुरू हो जाता है। इनके सत्य अहिंसा के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं। आज विश्व में अशांति फैली हुई है, गांधी के सिद्धांत द्वारा ही इसे दूर किया जा सकता है। इसी संदर्भ में पूरा विश्व अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस मना रहा है। जिससे विश्व में शांति की स्थापना हो सके। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने पैरेंट्स व शिक्षकों से हमेशा सत्य बोलने की कोशिश करना चाहिए। उनके सत्य बोलने से उनके जीवन में आने वाली समस्या का तुरन्त समाधान हो जाता है। जीवन में यदि फेलियर आता है, तो यह हमारे लिए सीखने का मौका है। इससे हमें घबराना नहीं चाहिए और इससे बाहर निकलकर पुनः नए सिरे से आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने शास्त्री की सरल जीवनशैली को बताते कहा कि उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। उनके द्वारा दिए गए नारे जय जवान-जय किसान से सारा जन मानस प्रभावित है। उनकी ईमानदारी हम सबको हमेशा प्रभावित करती है। उन्होंने विद्यार्थियों को उनकी ईमानदारी अपनाने प्रेरित किया। तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर, विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा महात्मा गांधी और शास्त्री के चित्रों में पुष्पांजलि की गई। समारोह में वीएन राय, दिनेश प्रताप सिंह, आर्ट, संगीत व डांस विभाग के शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।



नवरात्र और पर्वकाल माह में लागू करना धार्मिकता पर सरकारी चोंट

यूपीआई पर शुल्क डिजिटल इंडिया के नाम से जनता पर बोझ : शाहिद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शाहिद भाई ने यूपीआई लेन-देन पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर)लागू किए जाने के निर्णय पर केंद्र सरकार को घेरते कहा कि जिस यूपीआई को सरकार ने देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी उपलब्धि बताया, उसी को अब शुल्क वसूली का जरिया बना लिया है, जो छोटे-बड़े व्यापारियों, दुकानदारों और आम उपभोक्ताओं के साथ अन्याय है।

शाहिद ने बताया कि यूपीआई ने देश में डिजिटल भुगतान को आसान बनाया है। ये व्यवस्था आज करोड़ों लोगों के रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा बन चुका है, जिस प्रकार से केंद्र सरकार यह गुमराह कर रही है कि एमडीआर केवल कुछ पर ही लागू होगा और 2 हजार तक के लेन-देन इससे बाहर रहेंगे, जो पूरी तरह से गुमराह पूर्ण कृत्य है। इस व्यवस्था से बैंकों को 20 हजार करोड़ को होने वाली वित्तीय घाटा को पूरा करने की बात की जा रही है। वहीं बैंकों को पिछले वित्तीय वर्ष में 4 लाख करोड़ के लाभ की बात छुपाई जा रही है। साथ ही 15 अक्टूबर नवरात्र कि पंचमी से लागू की जाने वाली यह योजना मोदी सरकार की संस्कृति व धार्मिकता पर सरकारी चोंट रूपी निर्णय है, क्योंकि सरकार ने ही सावन में दूध, दही पर जीएसटी लागू की थी। अब जब भारत में अक्टूबर से जनवरी माह को पर्वकाल कहा जाता है। इन्हीं माह में नवरात्र, दशहरा, दीपावली, छठ पर्व आता है। गरीब परिवार भी कम से कम 5 हजार की खरीदारी करता है। यहां तक पूरे साल की खरीददारी और इन माह की खरीददारी कई गुना अधिक होती है, इसलिए कांग्रेस केंद्र सरकार से पूछ रही है कि जब सरकार यूपीआई को देश की डिजिटल क्रांति की सफलता का उदाहरण का श्रेय ले रही है, तो अब इसके आर्थिक संचालन का बोझ व्यापारियों पर और पीछे दरवाजे से जनता पर डालना क्या उचित है।

शाहिद ने कहा कि देश के करोड़ों छोटे-बड़े दुकानदार व्यापारियों और आम उपभोक्ता पहले ही केंद्र सरकार के अदूरदर्शिता के चलते महंगाई, बेरोजगारी, जीएसटी, नोटबंदी और बढ़ती लागत से परेशान हैं। ऐसे समय में डिजिटल भुगतान व्यवस्था में भी शुल्क का रास्ता खोलना सरकार की जनविरोधी आर्थिक सोच को दर्शाता है।उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि यूपीआई पर शुल्क लगाने की दिशा में उठाए गए कदमों पर पुनर्विचार किया जाए और यूपीआई को आम जनता के लिए सरल, सुरक्षित और वास्तविक अर्थों में निःशुल्क डिजिटल भुगतान जीरो एमडीआर व्यवस्था बनाए रखें।

दस दिन में नांदगांव को मिला दो राष्ट्रीय पदक

सृष्टि के रजत बाद प्रियांश भार्गव ने भी तीरंदाजी में राष्ट्रीय स्तर पर जीता पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव की राह तीरंदाजी अकादमी पुलिस लाइन के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन का सिलसिला जारी रखते एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है। अकादमी के तीरंदाज प्रियांश भार्गव ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में पदक हासिल कर बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। खास बात यह है कि 10 दिन पहले ही अकादमी की प्रतिभाशाली तीरंदाज सृष्टि चौरसिया ने सीबीएसई नेशनल गेम्स में रजत पदक जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई थी।

प्रियांश भार्गव राइटनर मेमोरियल स्कूल के छात्र हैं। उन्होंने कोच अजेंद्र कुमार तांडेकर के मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास, अनुशासन और कड़ी मेहनत के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया। कोच तांडेकर के निरंतर प्रशिक्षण और खिलाड़ियों के प्रति समर्पण का परिणाम है कि अकादमी के खिलाड़ी लगातार राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीत रहे हैं।वहीं सृष्टि चौरसिया डीपीएस स्कूल राजनांदगांव की छात्रा हैं। उन्होंने कुछ दिन पहले पानीपत में आयोजित सीबीएसई नेशनल गेम्स 2026-27 में रजत पदक हासिल किया था। सृष्टि नियमित रूप से राह तीरंदाजी अकादमी पुलिस लाइन में प्रशिक्षण लेती हैं। राष्ट्रीय स्तर पर लगातार दूसरे वर्ष पदक हासिल कर उन्होंने अकादमी की मजबूत तैयारी का प्रमाण दिया है।

10 दिन के भीतर दो राष्ट्रीय पदक



सृष्टि चौरसिया का रजत और अब प्रियांश भार्गव का राष्ट्रीय पदक राह आर्चरी अकादमी पुलिस लाइन की बढ़ती उपलब्धियों और यहां तैयार हो रही राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतिभाओं का प्रमाण है। यह सफलता खिलाड़ियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग, कोच अजेंद्र कुमार तांडेकर के समर्पण, स्व. अभिलेख अग्रहरी वेलफेयर फाउंडेशन के सहयोग तथा राजनांदगांव पुलिस विभाग के निरंतर मार्गदर्शन को समर्पित है।

एबिस ग्रुप कर रहा सहयोग

अकादमी की इस सफलता में राजनांदगांव पुलिस विभाग के सहयोग एवं मार्गदर्शन के साथ स्व. अभिलेख अग्रहरी वेलफेयर फाउंडेशन के सहयोग की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रियांश भार्गव की उपलब्धि पर पुलिस महानिदेशक अजय यादव, राजनांदगांव पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, एबिस ग्रुप, स्व. अभिलेख अग्रहरी वेलफेयर फाउंडेशन के सचिन अग्रहरी, रिजर्व इंस्पेक्टर लोकेश कसेर, वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज चौधरी, डॉ. चेतन साहू सहित पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने शुभकामनाएं दी। अकादमी को आईबी ग्रुप द्वारा समय-समय पर मिलने वाला सहयोग भी खिलाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण रहा है। पुलिस विभाग की देखरेख, मार्गदर्शन तथा सहयोगी संस्थाओं के समर्थन से अकादमी में खिलाड़ियों को नियमित प्रशिक्षण और अभ्यास का अवसर मिल रहा है।

महोत्सव में प्रतियोगिताओं का दौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अग्रवाल समाज द्वारा भगवान श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव सप्ताह के चतुर्थ दिवस महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों द्वारा विशेष उत्साह का प्रदर्शन करते विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया।अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत 7 अक्टूबर को अग्रवाल महिला मंडल एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल द्वारा विभिन्न मनोरंजक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में समाज के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

अग्रवाल महिला मंडल द्वारा आयोजित अंदाज ए रेट्रो प्रतियोगिता में सरला लोहिया ने प्रथम तथा माया अग्रवाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शोभा अग्रवाल को बेस्ट लुक और रजनी अग्रवाल को बेस्ट स्टाइल के लिए पुरस्कृत किया गया। इसी तरह 18 से 50 वर्ष के आयु वर्ग में अनुराधा एवं अंकिता पोद्दार ने प्रथम तथा प्रियंशी एवं अंशिता अग्रवाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बेस्ट डांस में अनिशा अंकुर अग्रवाल एवं शुभांशी अग्रवाल, बेस्ट स्टाइल में सिमरन अग्रवाल एवं पायल अग्रवाल तथा बेस्ट लुक में छवि अग्रवाल, प्रिंसी रजत अग्रवाल एवं शारदा लोकेश अग्रवाल विजेता रहे।

सुरभि प्रतियोगिता में पुष्पा सुभाष अग्रवाल विजेता रही। वहीं इलायची की माला बनाओ प्रतियोगिता में बरखा हर्षित अग्रवाल प्रथम, शशि खोखरिया एवं ज्योति सुशील द्वितीय रही। एक मिनट की प्रतियोगिता में सुरभि जितेश अग्रवाल तथा पुष्पा रमेश अग्रवाल ने बाजी मारी।



म्यूजिकल चेयर में दिखा रोमांच

अग्रवाल नवयुवक मंडल द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में जूनियर वर्ग की मटका फोड़ प्रतियोगिता में तनुष अग्रवाल प्रथम एवं अयान अग्रवाल द्वितीय रहे। सीनियर वर्ग में रिद्धि लोहिया प्रथम एवं श्रुति अग्रवाल द्वितीय रही। जूनियर वर्ग की म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में तनुष अग्रवाल प्रथम एवं भूमिका अग्रवाल द्वितीय रही। सीनियर वर्ग में निकुम अग्रवाल एवं अनीता शरद अग्रवाल विजेता रहे।
अग्रवाल महिला मंडल की सारिका संजय अग्रवाल एवं शोभा विवेक अग्रवाल के अनुसार कल 9 अक्टूबर को रात्रि 7 बजे से उदयाचल प्रांगण में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित है।

शुभ एकम-नवरात्रि महोत्सव

11 अक्टूबर 2026

किसान की पहली पसंद–John Deere

शुभ मुहूर्त की बुकिंग एवं डिलीवरी प्रारंभ

आज ही अपना ट्रैक्टर बुक करें

5045D 4WD



5050D 4WD



5210 4WD



John Deere क्यों है प्रीमियम?

- शक्तिशाली 4WD ट्रैक्शन
- 500 घंटे का लंबा सर्विस अंतराल
- PowerTech इंजन व उच्च बैकअप टॉर्क
- मजबूत हाइड्रोलिक्स व अधिक लिफ्ट क्षमता
- आरामदायक पावर स्टीयरिंग
- Genuine Parts व प्रशिक्षित सर्विस सहायता

जैन मोटर्स

खैरागढ़: 99771 84777 | 81200 06476 | 94060 11166
राजनांदगांव: 98279 53976 | अंबागढ़ चौकी: 79997 05353
मानपुर: 89591 79777 | गंडई: 96174 68304

खैरागढ़ | राजनांदगांव | गंडई | अंबागढ़ चौकी | मानपुर | चिचोला

*नियम एवं शर्तें लागू

विद्यार्थियों से संवाद कर जानी सुविधाएं, विद्यार्थियों से लिया प्रशिक्षण का फीडबैक

वनांचल क्षेत्र के आईटीआई का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पंडरिया विकासखंड के सुदूर वनांचल ग्राम मोहतरा स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने गुरुवार को औचक निरीक्षण किया। उन्होंने संस्थान में संचालित फिटर, कोपा और इलेक्ट्रिशियन ट्रेड की कक्षाओं एवं प्रायोगिक कक्षों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता, प्रायोगिक कार्य और भविष्य की योजनाओं की जानकारी ली।

फिटर ट्रेड की कक्षा में कलेक्टर ने विद्यार्थियों से प्रशिक्षण में सिखाए जा रहे कार्यों और प्रायोगिक गतिविधियों के बारे में पूछा। उन्होंने उपकरणों के उपयोग और प्रशिक्षण के दौरान आने वाली कठिनाइयों की जानकारी ली। प्रायोगिक कक्ष में उपलब्ध संसाधनों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने आवश्यक उपकरणों की सूची तैयार कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के लिए जरूरी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

कोपा ट्रेड की कक्षा और प्रायोगिक कक्ष का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने विद्यार्थियों से कंप्यूटर प्रशिक्षण के विषयों और उसके व्यावहारिक उपयोग के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि कम्प्यूटर और नई तकनीक आज रोजगार के साथ-साथ स्वरोजगार के भी महत्वपूर्ण साधन बन चुके हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते क्षेत्र की जानकारी देते हुए कहा कि इसमें बेहतर करियर की संभावनाएं हैं। तकनीक का सकारात्मक उपयोग कर विद्यार्थी अपने कौशल को नई दिशा दे सकते हैं। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से यह भी जाना कि वे किन-किन गांवों से आईटीआई में प्रशिक्षण लेने आते हैं। विद्यार्थियों ने आसपास के गांवों से नियमित रूप से संस्थान पहुंचकर प्रशिक्षण लेने की जानकारी दी।

प्रशिक्षण को रोजगार व स्वरोजगार से जोड़कर आगे बढ़ने प्रेरित किया



इलेक्ट्रिशियन ट्रेड की कक्षा में कलेक्टर ने विद्यार्थियों से पाठ्यक्रम में पढ़ाए जाने वाले विषयों और उनके भविष्य में उपयोग के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि तकनीकी प्रशिक्षण को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़कर आगे बढ़ा जा सकता है। विद्यार्थियों को टीम बनाकर काम करने की सलाह देते हुए उन्होंने बताया कि प्रशिक्षित युवा समूह के रूप में घर-घर इलेक्ट्रिकल सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ बड़े कार्य भी ले सकते हैं। इससे एक साथ कई लोगों के लिए रोजगार के अवसर तैयार हो सकते हैं। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए मॉडल भी देखे। विद्यार्थियों ने मॉडल की कार्यप्रणाली और उपयोग की जानकारी दी। कलेक्टर ने उनके प्रयासों की सराहना करते हुए प्रायोगिक ज्ञान, तकनीकी दक्षता और निरंतर सीखने पर जोर दिया। इस दौरान एसडीएम अमित नाथ योगी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पटवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कंझेटा में एक स्वास्थ्य कर्मचारी के भरोसे चल रहा उपस्वास्थ्य केंद्र

- 9 गांवों की स्वास्थ्य व्यवस्था प्रभावित, स्टाफ बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम कंझेटा स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र इन दिनों कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा है। वर्तमान में यहां केवल एक कर्मचारी के भरोसे उप स्वास्थ्य केंद्र की पूरी जिम्मेदारी है। इस उप स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत कंझेटा सहित भटरूसे, भगतपुर, मोहतरा कला, अमलीमालगी, कुआंमालगी, कंझेटी व पथर्रा और पीपरमाटी सहित कुल नौ गांव जुड़े हुए हैं।

ग्रामीणों के अनुसार उप स्वास्थ्य केंद्र में नियमित रूप से टीकाकरण, प्रसव संबंधी सेवाएं एवं अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग की बैठकों में भी कर्मचारी को शामिल होने के लिए जाना पड़ता है। ऐसी स्थिति में यदि कर्मचारी बैठक में गया हो और उसी दौरान किसी महिला को प्रसव के लिए अस्पताल पहुंचना पड़े या कोई मरीज उपचार के लिए आ जाए, तो परेशानी की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

ग्रामीणों का कहना है कि पहले उप स्वास्थ्य केंद्र में कुल तीन कर्मचारी पदस्थ थे। इनमें से दो कर्मचारियों का स्थानांतरण हो चुका है, लेकिन उनके स्थान पर अब तक किसी नए कर्मचारी की पदस्थापना नहीं की गई है। इसके कारण वर्तमान में पूरा स्वास्थ्य केंद्र केवल एक कर्मचारी के भरोसे संचालित हो रहा है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि कंझेटा उप स्वास्थ्य केंद्र में जल्द से जल्द पर्याप्त संख्या में स्वास्थ्य कर्मचारियों की पदस्थापना की जाए, ताकि मरीजों, गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भटकना न पड़े। साथ ही टीकाकरण, प्रसव एवं अन्य जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं नियमित रूप से सुचारू रूप से संचालित हो सकें।

खबर संक्षेप

सेवा सेतु बना सरकार, जनता के बीच संवाद का माध्यम

कोलेगांव। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन एवं राष्ट्र सेवा के गौरवपूर्ण 25 वर्ष पूर्ण होने तथा विकसित भारत 2047 के संकल्प को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत कुण्डा मंडल के शक्ति केंद्र कोलेगांव में सेवा सेतु सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भगतपुर, पिपरमाटी, धनेली, कोलेगांव 2 एवं सेमरकोना बूथ के कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, मंडल प्रभारी रूपेश जैन एवं मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी के निर्देश तथा शक्ति केंद्र प्रभारी संतोष चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम प्रभारी जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी एवं संयोजक श्रवण साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विभिन्न शासकीय योजनाओं के लाभार्थियों से घर-घर जाकर मुलाकात की। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत, महतारी वंदन योजना, भूमिहीन किसान सम्मान निधि सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से सीधा संवाद कर योजनाओं से मिल रहे लाभ और उनके अनुभवों की जानकारी ली गई। कार्यक्रम प्रभारी कैलाश चंद्रवंशी ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सेवा भाव को जन-जन तक पहुंचाने का अभियान है। सेवा सेतु के माध्यम से कार्यकर्ता सरकार और जनता के बीच सेतु बनकर लाभार्थियों की समस्याओं और अनुभवों को समझ रहे हैं। इस अवसर पर सह संयोजक परमेश्वर साहू सहित संतोष चंद्रवंशी, रामाधार शर्मा, डॉ संतोष साहू, शेखर सिंगरौल, जोतराम साहू, प्रेम सिंगरौल, रामायण यदु, घनश्याम चंद्रवंशी, विकलेश साहू सहित शक्ति केंद्र के कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित थे।



इंडो-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में आरपीएस के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

कवर्धा। श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा के विद्यार्थियों ने इंडो-नेपाल इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय सहित कबीरधाम जिले का नाम गौरवान्वित किया। विगत दिनों 3 अक्टूबर को भिलाई स्थित महिला महाविद्यालय में आयोजित इस अंतर्राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 800 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, मेहनत, अनुशासन और खेल कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 9 पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में विद्यालय की श्रद्धा चंद्रवंशी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं मनन चंद्रवंशी, अनुराग चंद्रवंशी, गौरव साहू एवं अनाया खान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रजत पदक प्राप्त किए। इसके अलावा गौरव ठाकुर, रीना साहू, दिव्यांशी एवं वासु चंद्रवंशी (काता) ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। सभी खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से विद्यालय को गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में श्रीयांशी ठाकुर, अवनी सिंह, भावेश कुमार साहू, आर्जव यादव एवं जुनैरा फातिमा ने भी सक्रिय सहभागिता निभाते हुए खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया और प्रतियोगिता में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय के विद्यार्थियों की इस उपलब्धि ने एक बार फिर साबित किया है कि श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा शिक्षा के साथ-साथ खेल एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी विद्यार्थियों को निरंतर आगे बढ़ने के अवसर प्रदान कर रहा है। विद्यालय में विद्यार्थियों की खेल प्रतिभा को निखारने, आत्मविश्वास बढ़ाने तथा उनके सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन, संचालक डॉ आदित्य चंद्रवंशी, प्राचार्या श्रीमती एम शारदा एवं समस्त विद्यालय परिवार ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई दीं।

निधन

ज्योति चंद्रवंशी



कुण्डा। ग्राम हथमुड़ी निवासी बालकृष्ण चंद्रवंशी के सुपुत्री ज्योति चंद्रवंशी (कल्पना) आयु 22 वर्ष की विगत दिनों आकस्मिक निधन हो गया, स्व. ज्योति चंद्रवंशी हथमुड़ी के पूर्व सरपंच स्व. टीकाराम चंद्रवंशी के पौत्री एवं मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी की भतीजी थी। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया, उनके अंतिम संस्कार में परिजनों, क्षेत्रवासी एवं जनप्रतिनिधि गण बड़ी संख्या में शामिल होकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

शिक्षक भुनेश्वर साहू को मिला राष्ट्रीय शिक्षा ज्योति सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

सम्मान से बढ़ा शिक्षा जगत का गौरव

शासकीय प्राथमिक शाला जामुनपानी के कर्मठ एवं समर्पित शिक्षक भुनेश्वर राम साहू को शिक्षा के क्षेत्र में उनके अभिनव प्रयोगों, नवाचारी शिक्षण विधियों एवं उत्कृष्ट शिक्षण योगदान के लिए प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान कार्यक्रम की मुख्य आयोजक एवं शिक्षा ज्योति की संस्थापक अर्चना शर्मा तथा अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार छत्तीसगढ़ के जनरल सेक्रेटरी डॉ. राघवेंद्र सिंह राठौर द्वारा संयुक्त रूप से ऑनलाइन मंच के माध्यम से प्रदान किया गया। शिक्षक के नवाचारपूर्ण शिक्षण कार्य एवं शिक्षा के प्रति समर्पण की इस अवसर पर सराहना की गई।



विश्व शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों के सम्मान में एक भव्य राष्ट्रीय ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस गरिमामय समारोह में देश के विभिन्न राज्यों के 128 चयनित शिक्षकों को शिक्षा ज्योति सम्मान से विभूषित किया गया।

इसी क्रम में शासकीय प्राथमिक शाला जामुनपानी की कर्मठ एवं समर्पित शिक्षक भुनेश्वर राम साहू को शिक्षा के क्षेत्र में उनके अभिनव प्रयोगों, नवाचारी शिक्षण विधियों एवं उत्कृष्ट शिक्षण योगदान के लिए इस प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान कार्यक्रम की मुख्य आयोजक शिक्षा ज्योति की संस्थापक अर्चना शर्मा एवं अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार छत्तीसगढ़ के जनरल सेक्रेटरी डॉ राघवेंद्र सिंह राठौर द्वारा संयुक्त रूप से ऑनलाइन मंच के माध्यम से प्रदान किया गया।

आयोजकों ने प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए कहा कि भुनेश्वर राम साहू ने ग्रामीण अंचल में शिक्षण की गुणवत्ता को बढ़ाने और विद्यार्थियों में ज्ञान व संस्कारों के संचार के लिए जो अनुकरणीय कार्य किया है, वह अत्यंत सराहनीय और प्रेरणादायी है। उनके निरंतर समर्पण, उत्तम स्वास्थ्य और उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आयोजकों ने उन्हें बधाई प्रेषित कीं।

शिक्षक भुनेश्वर राम साहू को यह सम्मान मिलने पर विद्यालय परिवार, संकुल, क्षेत्र के शिक्षाविदों, सहकर्मियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। छत्तीसगढ़ के साथ मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, बिहार, राजस्थान, राज्यों के शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

नाऊडीह का सांस्कृतिक भवन मंच अत्यंत जर्जर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत जरती के आश्रित ग्राम नाऊडीह में पीएम सड़क किनारे स्थित सांस्कृतिक मंच अत्यंत जर्जर और बदहाल हो चुका है। देखरेख के अभाव में यह बदहाली के आंसू बहा रहा है।

बताया जाता है कि बारिश का पानी दीवार पर ठहरने के कारण दीवार का निचला भाग अत्यंत क्षतिग्रस्त हो गया है, दीवार में मोटी-मोटी दरारें आ चुकी हैं। बरसात के दिनों में छत से पानी टपकता है, जिससे कभी भी दीवार और छत भरभरा कर गिर सकते हैं। गांव के लोग इसी सांस्कृतिक मंच पर बैठकर सामाजिक और धार्मिक चर्चा करते हैं, ऐसे में 24 घंटे हादसे की संभावना बनी हुई है।

जिस पर ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त सांस्कृतिक मंच को तोड़कर नए सांस्कृतिक मंच भवन के निर्माण की मांग की है, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके और खतरे से बचाया जा सके। मिली जानकारी के अनुसार मां दुर्गा उत्सव समिति द्वारा इसी सांस्कृतिक मंच पर दुर्गा मां की मूर्ति स्थापित कर नवरात्रि में 10 दिनों तक पूजा-पाठ की जाती है। जिस पर ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और जिला पंचायत के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और अधिकारियों को संज्ञान लेने तथा जर्जर सांस्कृतिक मंच नवनिर्मित कार्य कराने की मांग की है।

विजय आनंद के निधन पर अर्जुन पहुंचे रूसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं पंडरिया जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अर्जुन तिवारी पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के सघन जनसंपर्क अभियान के तहत लगातार गांव-गांव दौरे कर रहें है और लोगों से भेंट मुलाकात कर रहें हैं। इसी कड़ी में उन्होने ग्राम रूसे निवासी पूर्व सरपंच सुखचैन चंद्रवंशी के पुत्र विजय आनंद चंद्रवंशी के दुःखद निधन पर अर्जुन तिवारी ने सुखचैन चंद्रवंशी व परिजनों से मुलाकात कर उन्होंने श्री चन्द्रवंशी को ढाढ़स बंधाते सहानुभूति व्यक्त किया।

बताया गया कि अर्जुन तिवारी और सुखचैन चंद्रवंशी के परिवार के बीच लंबे समय से पारिवारिक एवं स्नेहपूर्ण संबंध रहे हैं। वर्ष 1994 में जब अर्जुन तिवारी पंडरिया जनपद पंचायत अध्यक्ष का चुनाव लड़ रहे थे, उस दौरान सुखचैन चंद्रवंशी ने दलीय निष्ठा से अलग हटकर उनके चुनाव में सहयोग किया था। इसी दौरान सुखचैन चंद्रवंशी ग्राम पंचायत रूसे के सरपंच निर्वाचित हुए थे।

विकसित भारत संकल्प सभा में शामिल हुए नगरवासी



पाण्डातराई। विकसित भारत संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति यात्रा में नगर पालिका अध्यक्ष सरिता सोनी सहित जनप्रतिनिधि एवं नगरवासी शामिल हुए। कार्यक्रम में सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष अजय गिरी गोस्वामी, पूर्व अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, सभापति रामू पांडेय, सुशील गुप्ता, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अभिषेक सिंह एवं अखंडानंद मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित थें।

घुघरी कला स्कूल में कराया न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला घुघरी कला में सेवानिवृत्त व्याख्याता डाइट कबीरधाम टीएन मिश्रा ने अपने पिता की पुण्यतिथि के अवसर पर न्योता भोज का आयोजन किया। इसमें विद्यार्थियों, पालकों, शिक्षकों एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों को खीर, पूड़ी, सब्जी और बड़ा परोसा गया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि शाला में न्योता भोज के आयोजन से बच्चों, शिक्षकों एवं पालकों के बीच परस्पर सहयोग, जुड़ाव और आत्मीय संबंध मजबूत होते हैं। उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सभी से मिलकर प्रयास करने की बात कही। कार्यक्रम में शाला के शिक्षक विद्या साहू, रोहित साहू, ईवन किशोर नेताम एवं रोहित देवांगन का विशेष सहयोग रहा। पिपरिया समन्वयक महेंद्र जांगड़े, अर्चना तिवारी, एसएमसी अध्यक्ष राजेंद्र साहू, किरण योगी, रोहित साहू, किशुन निर्मलकर, तोप सिंह एवं रोशन उपस्थित थें। कार्यक्रम के अंत में प्रभारी प्रधान पाठक रूपेश कुमार तिवारी ने टीएन मिश्रा के प्रति आभार जताया।

कलेक्टर ने शक्कर कारखाना में गन्ना खरीदी व शक्कर उत्पादन भुगतान व्यवस्था की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना, पंडरिया का निरीक्षण किया। उन्होंने कारखाने में लगी मशीनरी का निरीक्षण करते हुए गन्ने से शक्कर उत्पादन की पूरी प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने गन्ना खरीदी, शक्कर उत्पादन की स्थिति तथा कारखाने की कार्यप्रणाली के संबंध में अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की।

कलेक्टर ने कारखाने में गन्ना बेचने के लिए आने वाले किसानों की संख्या और उनके लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने किसानों एवं श्रमिकों को किए जा रहे भुगतान की स्थिति तथा किसानों को भुगतान किए जाने की समय-सीमा के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने किसानों को होने वाली दिक्कतों के बारे में



जानकारी लेते हुए उनके समाधान के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिले में संचालित गुड़ फैक्ट्रियों के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को जिले में संचालित गुड़ फैक्ट्रियों की संख्या तथा उनके संचालन से संबंधित आवश्यक जानकारी संकलित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित जानकारी व्यवस्थित रूप से तैयार की जाए, ताकि किसानों और गन्ना उत्पादकों से जुड़े विषयों पर प्रभावी रूप से कार्य किया जा सके।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने शक्कर कारखाना परिसर के अंदर सड़क निर्माण की स्थिति की भी जानकारी ली। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य के लिए स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है और अब टेंडर की प्रक्रिया की जाएगी।

कलेक्टर ने सड़क निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए, जिससे कारखाना परिसर में आवागमन और किसानों को होने वाली सुविधा में और सुधार हो सके। इस दौरान एसडीएम अमित नाथ योगी, एमडी शक्कर कारखाना, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पटवारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थें।



खबर संक्षेप

चयनित विद्यार्थियों को मिला अतिरिक्त अवसर

कवर्धा। मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना सत्र 2026-27 के अंतर्गत कक्षा 10वीं के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के चयनित विद्यार्थियों के पंजीयन एवं सत्यापन की अंतिम तिथि में वृद्धि की गई है। विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पंजीयन एवं सत्यापन के लिए योजना का पोर्टल 15 अक्टूबर 2026 तक पुनः प्रारंभ किया गया है। जिला शिक्षा विभाग द्वारा संबंधित विद्यालयों एवं चयनित विद्यार्थियों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर पंजीयन एवं सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की गई है। संबंधित विद्यालयों को भी पात्र एवं चयनित विद्यार्थियों का पंजीयन एवं सत्यापन समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

कांग्रेस के पास न मुद्दा, न पांच साल का हिसाब किताबः चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी

- नपा घेराव पर अध्यक्ष का पलटवार, बोले- विकास पर सवाल उठाने से पहले कांग्रेस अपने कार्यकाल का हिसाब दे

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नगर पालिका कार्यालय के घेराव को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कांग्रेस पर तीखा पलटवार किया है। उन्होंने कांग्रेस के प्रदर्शन को मुद्दाविहीन और राजनीतिक हताशा का प्रदर्शन बताते हुए कहा कि कांग्रेस के पास जनता के सामने रखने के लिए न उपलब्धि है और न ही अपने पांच साल के कार्यकाल का ठोस हिसाब।

यही कारण है कि अब मनगढ़ंत आरोपों के सहारे राजनीतिक जमीन तलाशने की कोशिश की जा रही है। चंद्रवंशी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के पिछले कार्यकाल में शहर के विकास की अनदेखी हुई। उन्होंने कहा कि शहर की करोड़ों रुपए की बेशकीमती सरकारी जमीन का उपयोग आंगनबाड़ी, अस्पताल, स्कूल, सार्वजनिक उद्यान और सामुदायिक भवन जैसे जनहित के कार्यों के लिए किया जा सकता था, लेकिन पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में इसे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बेच दिया गया। उन्होंने कहा कि इस मामले में कांग्रेस को पहले जनता को जवाब देना चाहिए।

भाजपा सरकार में हो रहे विकास कार्य गिनाए

नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि कवर्धा में वर्तमान समय में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि करीब 54 करोड़ रुपए की लागत से नया फोरलेन बनने जा रहा है। वहीं 2 करोड़ 60 लाख रुपए की लागत से अंबेडकर चौक से समनापुर पुल तक सड़क और नाली निर्माण का कार्य जारी है। उन्होंने दावा किया कि पिछले पांच साल में शहर में विकास का ऐसा काम नहीं हुआ, जबकि भाजपा सरकार के कार्यकाल में अधूरे कार्यों को गति दी जा रही है। उन्होंने कांग्रेस के सड़क घोटाले के आरोपों पर भी निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग अपने कार्यकाल में शहर की सड़कों का गड्ढा तक नहीं भर सके, वे अब विकास कार्यों पर सवाल उठा रहे हैं।

बस स्टैंड को लेकर भी कांग्रेस पर हमला





चंद्रवंशी ने कहा कि भाजपा शासन में निर्मित नए बस स्टैंड का कांग्रेस के पांच साल के कार्यकाल में विधिवत संचालन नहीं हो सका। उन्होंने आरोप लगाया कि बस स्टैंड की स्थिति खराब होकर कंडा रखने तक की हो गई थी। अब भाजपा सरकार में बस स्टैंड का संचालन व्यवस्थित तरीके से हो रहा है और सुविधाओं को बेहतर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो कांग्रेस पांच साल में बस स्टैंड नहीं चला सकी, वह आज उसकी चिंता करने का दावा कर रही है।

भ्रष्टाचार के आरोपों पर मांगे दस्तावेज

नगर पालिका में भ्रष्टाचार के कांग्रेस के आरोपों पर अध्यक्ष ने कहा कि केवल राजनीतिक मंच से आरोप लगाने से कोई बात सच नहीं हो जाती। कांग्रेस के पास यदि कोई तथ्य, दस्तावेज या प्रमाण है तो उसे सार्वजनिक करने के साथ संबंधित जांच एजेंसी के सामने प्रस्तुत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि नगर पालिका का काम नियम और प्रक्रिया के अनुसार संचालित हो रहा है। गौशाला को लेकर लगाए गए आरोपों पर उन्होंने कहा कि सड़क पर घायल, बीमार और कमजोर अवस्था में मिलने वाले गौवंश को गौशाला लाकर भोजन, पानी और उपचार उपलब्ध कराया जाता है। पहले से बीमार पशु की मृत्यु को भ्रष्टाचार का प्रमाण नहीं माना जा सकता। उन्होंने कांग्रेस से तथ्यों के आधार पर बात करने की अपील की।

पट्टा और आवास पर भी दिया जवाब

आवासीय पट्टे के मामले में चंद्रवंशी ने कहा कि भाजपा सरकार ने सर्वे कराया है और पात्र हितग्राहियों को नियमानुसार पट्टा देने की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है। उन्होंने दावा किया कि नगर पालिका क्षेत्र में अब तक 427 परिवारों के प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए हैं और निर्माण कार्य पूर्ण कराया जा रहा है।उन्होंने कहा कि कवर्धा की जनता पिछले पांच साल और वर्तमान समय के विकास का अंतर देख रही है। कांग्रेस को भाजपा से सवाल पूछने से पहले अपने पांच साल के कार्यकाल का हिसाब जनता के सामने रखना चाहिए।

आंदोलन : दस सूत्रीय मांगों को लेकर हजारों किसानो की टोली उतरी सड़क पर

कवर्धा 'हाईजैक' का जिम्मेदार कौन? शासन- प्रशासन पर उठी उंगलियां

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

किसानों की आय दोगुनी करने से लेकर उनकी सुख, समृद्धि व उन्नति के तमाम सरकारी वादे और दावे को धता बताते हुए गुरुवार को किसान आंदोलन के जरिए जिला मुख्यालय कवर्धा में जनजीवन को किसानों ने ठप कर दिया। इस आंदोलन ने कई सवाल खड़े किए हैं। अपनी मांगों को लेकर भारतीय किसान संघ के बैनर तले करीब महीनेभर से की जा रही इस किसान आंदोलन की तैयारियों के तहत पूर्व निर्धारित तिथि 8 अक्टूबर गुरुवार को जिले के हजारों किसान, सैकड़ों की संख्या में ट्रैक्टर और दाना-पानी लेकर सड़कों पर उतर आए और जिला मुख्यालय कवर्धा पहुंचने वाले सभी मार्गों को बंद कर दिया या यूं कहें कि जिला मुख्यालय कवर्धा को एक प्रकार से हाईजैक कर लिया। किसानों के इस प्रदर्शन के चलते पूरा कवर्धा शहर एक प्रकार से बंधक बनकर रह गया। स्थिति यह रही कि जो व्यक्ति कवर्धा शहर में था वह न तो शहर के बाहर निकल पाया और जो कवर्धा से बाहर था, वह कवर्धा के अंदर दाखिल नहीं हो पाया। यहां तक कि किसानों के इस आंदोलन के चलते निजी स्कूल संचालकों ने बस सेवाएं बाधित होने के कारण स्कूलों में छुट्टी का ऐलान कर दिया।

निश्चित रूप से इस अव्यवस्था से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सरकार की वादा खिलाफी और किसान विरोधी नीतियों से गुस्साए किसानों ने जिला मुख्यालय कवर्धा पहुंचने वाले बिलासपुर मार्ग में जोराताल, भोरमदेव मार्ग में समनापुर मार्ग, शहर मिनीमाता चौक, रायपुर रोड में बायपास मार्ग और स. लोहारा मार्ग में ठाठ ढाबा के पास मार्ग में ट्रैक्टर खड़े कर मार्गों को जाम कर लिया। सड़क पर हजारों किसानों के साथ उतरे भारतीय किसान संघ के नेताओं ने बताया कि वे मुख्य रूप से किसानों की प्रमुख मांगों में गन्ने पर 150 रुपए बोनस देने, गन्ने सहित सभी बागवानी फसलों को कृषक उन्नति योजना से जोड़ने तथा इन फसलों के लिए प्रति एकड़ प्रतिवर्ष 15 हजार रुपए की आदान सहायता राशि देने, धान के समर्थन मूल्य में पिछले तीन वर्षों में हुई वृद्धि को 3100 रुपए में जोड़कर किसानों को भुगतान करने, पिछले शासनकाल की लंबित धान की चौथी किश्त की राशि शीघ्र जारी करने, जिले के दोनों शक्कर कारखानों की क्षमता बढ़ाने, घूमंतू गौवंश के पुनर्वास, सभी समितियों में धान का 40.700 किलोग्राम तौल सुनिश्चित करने, सुतियापाठ जलाशय की नहर-नाली विस्तार, पिलारी नहर निर्माण, घोघरा नहर-नाली विस्तार, नेवारी व्यपवर्तन का खपरी तक विस्तार तथा करिया आमा बांध के शीघ्र निर्माण, गन्ना किसानों को त्वरित भुगतान के लिए मंडी बोर्ड से रिवॉल्विंग फंड उपलब्ध कराने और गन्ने की फसल के लिए फसल बीमा शुरू करने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि वे अपनी इन मांगों को लेकर लंबे समय से शासन-प्रशासन से अर्जी-विनती करते आ रहे हैं, लेकिन आज पर्यंत सरकार ने उनकी मांगों को पूरा नहीं किया है। यही वजह है कि मजबूर होकर किसानों को आज इतना बड़ा आंदोलन करना पड़ रहा है।



किसानों ने दी खुली चेतावनी

भारतीय किसान संघ ने खुली चेतावनी दी है कि वे अपने हक और अधिकार की लड़ाई लड़ने के लिए दाना-पानी लेकर सड़क पर उतरे हैं और जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं की जातीं, उनका आंदोलन जारी रहेगा। किसानों ने कहा कि आज के इस आंदोलन में समूचे जिले के किसान अपने करीब हजार की संख्या में ट्रैक्टर और राशन, पानी तथा सभी आवश्यक सामान लेकर आंदोलन में शामिल हुए हैं। अगर सरकार ने उनकी मांगें नहीं मानीं तो आंदोलन जारी रहेगा।

आंदोलन से उत्पन्न लोगों की समस्याओं के लिए जिम्मेदार कौन?

किसानों के आंदोलन के चलते कवर्धा शहर एक प्रकार से बंधक बनकर रह गया। बाहर से कोई भी व्यक्ति कवर्धा में दाखिल नहीं हो पाया। जिसके चलते जिला मुख्यालय कवर्धा से संबंधित लोगों के तमाम आवश्यक कार्य बाधित रहे। यात्री बस, स्कूल बस, ट्रांसपोर्टिंग, सब कुछ बाधित रहा। ऐसे में बड़ा सवाल यही खड़ा हो रहा है कि आखिर इस समस्या के लिए जिम्मेदार कौन है? लोगों का स्पष्ट कहना है कि जब किसान महीने भर से इस आंदोलन की तैयारी में जुटे थे और समय-समय पर उन्होंने मीडिया के माध्यम से अपने इस आंदोलन की निर्धारित तिथि सार्वजनिक की थी तो फिर शासन-प्रशासन ने समय रहते किसानों की मांगों पर कान देने और आंदोलन को समाप्त कराने का प्रयास क्यों नहीं किया? आखिर क्यों शासन-प्रशासन इस आंदोलन को मूर्त रूप लेने का इंतजार करता रहा।

आखिर कैसे खड़ा हो गया इतना बड़ा आंदोलन

एक बड़ा सवाल यह भी खड़ा हो रहा है कि आखिर कोई कैसे जिला मुख्यालय कवर्धा पहुंचने वाले तमाम रास्तों को बंद कर एक प्रकार से जिला मुख्यालय कवर्धा को ही हाईजैक कर सकता है। जहां सांसद, विधायक, मंत्री, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक जैसे तमाम शासन-प्रशासन के ओहदेदार नुमाइंदों के निवास और दफ्तर संचालित हैं। क्या शासन-प्रशासन के खुफिया तंत्र को किसानों के इस आंदोलन की भनक नहीं थी और नहीं थी तो यह निश्चित रूप से सूचना तंत्र की विफलता है और अगर जानकारी थी तो फिर सवाल यह उठता है कि इतना बड़ा आंदोलन खड़ा कैसे हो गया, आखिर जिला मुख्यालय कैसे हाईजैक हो गया। हो सकता है कि शासन-प्रशासन इसे छोटी बात मान रहा हो, लेकिन यह कोई छोटी बात नहीं है, बल्कि शासन-प्रशासन की नाकामी का प्रतीक है।

स्कूटी मिलने से महेश को मिला आत्मनिर्भरता का नया सहारा



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड अंतर्गत ग्राम छांटा निवासी दिव्यांग महेश कुमार पटेल के लिए आज का दिन नई उम्मीद लेकर आया। उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने अपने कवर्धा स्थित निवास कार्यालय में महेश कुमार को सहायक उपकरणयुक्त स्कूटी प्रदान की। स्कूटी मिलने से उनके आवागमन की समस्या दूर होने के साथ ही अब वे स्वरोजगार की दिशा में भी आगे बढ़ सकेंगे।

इस अवसर पर एक आत्मीय दृश्य देखने को मिला। स्थानीय पीजी कॉलेज में अध्ययनरत छात्राओं ने महेश कुमार को स्कूटी की चाबी सौंपी। छात्राओं ने उनसे बातचीत कर उनका उत्साहवर्धन किया और सभी ने मिलकर उन्हें स्कूटी चलाने का अभ्यास भी कराया। ग्राम छांटा निवासी महेश कुमार ने बताया कि उन्होंने स्नातक स्तर तक पढ़ाई की है।

दिव्यांगता के कारण आवागमन में होने वाली परेशानी से उन्हें कई कामों के लिए दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था। अब स्कूटी मिलने से उनके लिए रोजमर्रा के कार्य आसान होंगे और वे आजीविका के लिए नया काम भी शुरू कर सकेंगे।

महेश कुमार ने अपनी खुशी साझा करते हुए बताया कि जब उन्हें लोगों से जानकारी मिली कि केवल आवेदन करने पर पात्रता के अनुसार सहायक उपकरणयुक्त स्कूटी मिल सकती है, तो शुरुआत में उन्हें भरोसा नहीं हुआ। लेकिन आज स्कूटी मिलने के बाद उनका विश्वास और आत्मविश्वास दोनों बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि अब आवागमन के लिए दूसरों पर निर्भरता कम होगी और वे स्वयं अपने काम कर सकेंगे। उन्होंने इसके लिए कवर्धा विधायक एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया।

उल्लेखनीय है कि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल से कवर्धा क्षेत्र में दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार सहायक उपकरणयुक्त स्कूटी प्रदान की जा रही हैं। अब तक 100 से अधिक दिव्यांगजनों को ऐसी स्कूटी उपलब्ध कराई जा चुकी है और हर स्कूटी के साथ बढ़ा दिव्यांगों का स्वाभिमान।

कुकदूर में मवेशी तस्करी का भंडाफोड़, 8 तस्कर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭कोदवागोडान

वनांचल क्षेत्र कुकदूर में मंगलवार देर रात गौ रक्षा दल और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में मवेशी तस्करी के मामले का भंडाफोड़ हुआ। टीम ने चार संदिग्ध वाहनों से क्रूरतापूर्वक बांधकर ले जाए जा रहे 11 मवेशियों को बरामद कर मुक्त कराया।

पुलिस ने मौके से 8 आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ तस्करी में प्रयुक्त चार वाहनों को भी जब्त किया है। बरामद मवेशियों की कीमत करीब 31 लाख रुपए बताई गई है। जानकारी के अनुसार गौ रक्षा दल को सूचना मिली थी कि छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश सीमा से मवेशियों को अवैध रूप से बाहर ले जाया जा रहा है। सूचना पर कुकदूर पुलिस और गौ रक्षा दल की टीम ने सलका-कुकदूर मुख्य मार्ग पर नाकेबंदी की। रात करीब 1.30 बजे चार वाहनों को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें 11 मवेशी मिले।

पुलिस ने राजेश यादव, अयोध्या राजपूत, रोशन राजपूत, निलेश राजपूत, जितेंद्र साहू, रामकुमार मिरी, श्रवण कुमार ध्रुव और किशन चक्रधारी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम एवं छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा।

तस्करी के नेटवर्क की जांच शुरू

थाना प्रभारी के अनुसार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और तस्करी के नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है। मवेशियों को पशु चिकित्सक की देखरेख में सुरक्षित गौशाला भेजा गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार लोरमी क्षेत्र से मवेशियों को वाहनों अथवा पैदल कोदवा गोडान होते हुए कामठी-पोलमी मार्ग से मध्यप्रदेश ले जाने की शिकायतें लंबे समय से सामने आती रही हैं। ग्रामीणों ने पूर्व में क्षेत्रीय नेताओं से भी इस पर रोक लगाने की मांग की थी। तस्करी वाले मार्ग पर वन विभाग की जांच चौकियां होने के बावजूद गतिविधियां जारी रहने से उनकी भूमिका पर भी सवाल उठाए गए हैं।

वोट बचाओ, देश बचाओ के नारे के साथ कांग्रेस का पैदल मार्च आज

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम द्वारा लोकतंत्र बचाओ सप्ताह के तहत वोट बचाओ, देश बचाओ के नारे के साथ पैदल मार्च एवं पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल के नेतृत्व में शुक्रवार को आयोजित होगा। जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 9 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे कांग्रेस भवन, सिग्नल चौक कवर्धा से पैदल मार्च शुरू होगा। कांग्रेस कार्यकर्ता कांग्रेस भवन से बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल तक पैदल मार्च करेंगे। इसके बाद अंबेडकर चौक में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के पुतले का दहन किया जाएगा।

कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत, पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर एवं जिला संगठन प्रभारी पदम कोठारी के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी ने शहर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस, एनएसयूआई सहित सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं तथा वरिष्ठ कांग्रेसजनों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

कलेक्टर ने किया ग्राम पोलमी का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम जिले में नॉन-डीसीएस फसलों के भौतिक सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने पंडरिया विकासखंड के सुदूर वनांचल क्षेत्र ग्राम पोलमी में खेत में पहुंचकर नॉन-डीसीएस फसलों के भौतिक सत्यापन कार्य का निरीक्षण किया।

उन्होंने सर्वेयर एवं हल्का पटवारी द्वारा की जा रही ई-गिरदावरी की प्रक्रिया को मौके पर देखा और सर्वे कार्य की प्रगति की जानकारी ली। ग्राम पोलमी में कृषक मदन के खसरा नंबर 176/1 में नॉन-डीसीएस फसल का भौतिक सत्यापन किया जा रहा था। कलेक्टर ने सर्वेयर से खेत में दर्ज की जा रही जानकारी, फसल के रकबे और डिजिटल सर्वे की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि खेत में दर्ज प्रत्येक जानकारी मौके की वास्तविक स्थिति के अनुरूप होनी चाहिए। उन्होंने शत-प्रतिशत, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित सर्वे सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डिजिटल क्रॉप सर्वे के तहत सर्वेयर खेत में पहुंचकर भूमि का विवरण एप के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज कर रहे हैं। इसके साथ ही खेत की फोटो भी अपलोड की जा रही है।



दर्ज जानकारी का पटवारी एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सत्यापन किया जाएगा। इस प्रक्रिया से प्रत्येक खेत में बोई गई फसल और उसके रकबे का व्यवस्थित डिजिटल रिकॉर्ड तैयार होगा। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सर्वे कार्य को गुणवत्तापूर्वक और समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों ने लिया वन एवं वन्यजीव संरक्षण का संकल्प

वन्यजीव सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

वन्यजीव सप्ताह 2026 के अंतर्गत दिनांक 07-10-2026 आत्मानंद इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल, कवर्धा में वन्यजीव संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता एवं संवेदनशीलता विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम वनमंडलाधिकारी कवर्धा निखिल अग्रवाल के नेतृत्व एवं भोरमदेव अभयारण्य अधीक्षक श्रीमती अनिता साहू के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को वन्यजीव संरक्षण एवं प्रकृति संरक्षण पर आधारित जागरूकता फिल्म दिखाई गई। इसके पश्चात विद्यार्थियों के लिए वन एवं वन्यजीव विषय पर चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मकता, कल्पनाशीलता एवं विचारों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण वन्यजीव प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता रही, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ सहभागिता की तथा वन, वन्यजीव, जैव विविधता एवं संरक्षण से संबंधित अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

इस अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को प्रकृति, वन एवं वन्यजीवों के संरक्षण के प्रति अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करने तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने हेतु प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों ने वन्यजीवों की सुरक्षा, वनों की रक्षा, जैव विविधता के संरक्षण तथा प्रकृति के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने का सेवा संकल्प लिया।

वन एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ा उद्देश्य



कार्यक्रम का आयोजन वन विभाग के भूपेश कौशिक, सचिन राजपूत, अमित वर्मा एवं राजकुमार तारम द्वारा किया गया। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में वन एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने, उनके ज्ञान एवं रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने तथा सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से प्रकृति संरक्षण को सामाजिक दायित्व एवं जनभागीदारी से जोड़ना रहा। वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूक एवं संवेदनशील युवा पीढ़ी तैयार करने की दिशा में ऐसे आयोजन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

पंजीयन एवं सत्यापन 20 अक्टूबर तक

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

सत्र 2026-27 के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र विद्यार्थियों को राज्य छात्रवृत्ति के लिए पंजीयन एवं सत्यापन का अतिरिक्त अवसर प्रदान किया गया है। विद्यार्थियों के पंजीयन एवं सत्यापन की अंतिम तिथि में वृद्धि करते हुए अब 20 अक्टूबर 2026 तक कार्य पूर्ण किया जा सकता है। शिक्षा विभाग ने संबंधित शैक्षणिक संस्थानों एवं पात्र विद्यार्थियों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल पर पंजीयन एवं सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की है। संबंधित संस्थानों द्वारा पात्र विद्यार्थियों के पंजीयन एवं सत्यापन की कार्यवाही समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।